RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 321 ■ मुंबई, गुरुवार 12 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



स्टारलिंक : इंटरनेट की दुनिया में एक क्रांति? पेज-4



दिव्य संतों ने समाज को एकता की राह दिखाई : सीएम योगी पेज-6



पूजा करते समय दीपक जलाने के इन नियमों का रखें ध्यान, घर आएंगी मां लक्ष्मी पेज-8



ब्राजील ने FIFA वर्ल्ड कप 2026 के लिए किया क्वालीफाई पेज-9

## ट्रंप और जिनपिंग में बड़ी डील

### चीन के दुर्लभ खनिजों के बदले चीनी छात्रों को अमेरिका में एंट्री

**महानगर नेटवर्क**

**वाशिंगटन**

अमेरिका और चीन के बीच एक नया व्यापार समझौता सामने आया है, जिसके तहत अमेरिका अब चीन से रेयर अर्थ मिनरल्स और मैग्नेट्स खरीदेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि बदले में अमेरिका चीनी छात्रों को अपने विश्वविद्यालयों में दाखिला देने की इजाज़त देगा, जैसा कि पहले तय हुआ था। इसके साथ ही चीन से आने वाले सामानों पर टैरिफ भी बढ़ाकर 55% कर दिए जाएंगे।



यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब चीन के शिनजियांग प्रांत से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन मजदूरी को लेकर कई वैश्विक ब्रांड्स की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'ग्लोबल राइट्स कंप्लायंस' की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन के शिनजियांग क्षेत्र में खनिजों की खुदाई और प्रोसेसिंग में उइगर मुस्लिमों और अन्य अल्पसंख्यकों से जबरन मजदूरी कराई जा रही है। रिपोर्ट में एवन, वॉलमार्ट, नेस्कैफे, कोका-कोला और शेरविन-विलियम्स जैसी कंपनियों पर चीन की टाइटेनियम और अन्य खनिज सप्लाई चेन से जुड़े होने के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिनजियांग में 77 कंपनियां टाइटेनियम, लिथियम, बेरिलियम और मैग्नीशियम इंडस्ट्रीज में सक्रिय हैं, जिन पर "लेबर ट्रांसफर प्रोग्राम" के ज़रिये जबरन मजदूरों से काम करवाने का जोखिम है।

हालांकि, चीन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि 'शिनजियांग में जबरन मजदूरी' के आरोप पश्चिमी देशों की साजिश हैं और उनका देश आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को 'झूठ' करार दिया। बता दें कि अमेरिका पहले ही 'उइगर फोर्स्ड लेबर प्रिवेंशन ऐक्ट' के तहत शिनजियांग से आयातित वस्तुओं पर कड़ी पाबंदियां लगा चुका है और अब एल्यूमिनियम और सीफूड जैसी नई कैटेगरीज को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

**अमेरिका और चीन में ट्रेड वॉर खत्म!**

ट्रंप सरकार का यह नया व्यापार समझौता ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव लगातार बढ़ रहा है और मिनरल व टेक्नोलॉजी सेक्टर को लेकर दोनों देशों में बातचीत की कई कोशिशें हाल ही में हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भले ही अमेरिका को रणनीतिक रूप से आवश्यक खनिज उपलब्ध कराए, लेकिन इससे जुड़े मानवाधिकार मसलों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

### लागत : 6405 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि मीटिंग में झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को कवर करने वाले दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इन प्रोजेक्ट में 133 KM वाले कोडरमा-बरकाकाना और 185 KM वाले बल्लारी-चिकजाजुर का डुअल लाइन करना शामिल है। जिनकी लागत 6405 करोड़ है। इससे पहले 28 मई को हुई मीटिंग में डेवलपमेंट से जुड़े 5 फैसले लिए गए थे। केंद्र सरकार ने 14 फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (MSP) बढ़ाई थी। साथ ही केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को जारी रखने का फैसला किया था।

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे की दो मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। आंध्र प्रदेश में बदवेल-नेल्लोर के बीच 108 KM लंबे फोर-लेन हाईवे परियोजना को भी मंजूरी दी गई थी।

## न्यायिक आतंकवाद से बचें : CJI गवई

### कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिए अपनी सीमाएं



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सीजेआई बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यायिक सक्रियता की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। चीफ जस्टिस ने स्पष्ट किया कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन कभी-कभी जब सीमाएं लांघी जाती हैं और न्यायपालिका उन क्षेत्रों में प्रवेश करती है जहां उसे नहीं करना चाहिए, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि न्यायिक समीक्षा का उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शक्ति केवल तब प्रयोग की जानी चाहिए जब कोई कानून संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता हो या किसी मौलिक अधिकार के प्रतिकूल हो या जब वह पूरी तरह मनमाना व भेदभावपूर्ण हो।

अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि एक समय था जब लाखों भारतीयों को अछूत कहा जाता था, लेकिन आज उसी समुदाय से आए व्यक्ति को देश की सर्वोच्च न्यायिक जिम्मेदारी मिली है जो भारतीय संविधान की समानता की भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान उन लोगों की धड़कनों को संजोए हुए है जिन्हें कभी सुना नहीं गया। यह न केवल अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें सशक्त करने, सुधारने और न्याय दिलाने के लिए राज्य को बाध्य करता है।

## Short News एक नजर

### प्रियंका गांधी ने वायनाड से चुनाव जीतने में की धांधली?

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी की नेता नव्या हरिदास द्वारा दायर एक चुनावी याचिका पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को समन जारी किया है। 2024 में प्रियंका गांधी ने वायनाड उपचुनाव में नव्या हरिदास को हराकर जीत दर्ज की थी। प्रियंका गांधी के खिलाफ दायर इस याचिका में नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव के परिणामों को चुनौती दी गई है। इसमें प्रियंका और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### दिग्विजय के भाई लक्ष्मण कांग्रेस से निष्कासित

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के छोटे भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। लक्ष्मण सिंह ने 24 अप्रैल को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं।

### जासूसी कांड में ज्योति को नहीं मिली राहत

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को अभी कोई राहत नहीं मिली है। हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को जमानत देने से इंकार करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है। हिसार के न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार ने पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था लेकिन शाम चार बजे ज्योति की याचिका खारिज कर दी।

### नारायण राणे ने बेटे के बयान को बताया गलत

## CM फडणवीस लोगों के सेवक



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद नारायण राणे ने बुधवार को अपने बेटे और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे के बयान से किनारा कर लिया।

दरअसल, नितेश राणे ने 7 जून को कहा था कि देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र में सबके बाप हैं। नारायण राणे ने बेटे के बयान को गलत बताया और कहा कि फडणवीस जनता के सेवक हैं।

नारायण राणे ने कहा, 'नितेश ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, वह गलत था। उन्हें बाप शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था।

मैंने उन्हें समझा दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री किसी के पिता नहीं, बल्कि लोगों के सेवक हैं। इसको लेकर अब कोई विवाद नहीं है।' नितेश राणे ने शनिवार को महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि भाजपा कार्यकर्ताओं को ध्यान में रखना चाहिए कि केंद्र में प्रधानमंत्री भाजपा के हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी भाजपा के हैं। इसलिए कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन पावर दिखा रहा है, महाराष्ट्र में सभी के बाप देवेंद्र फडणवीस हैं।

**नितेश का इशारा शिंदे गुट की शिवसेना पर था**

नितेश राणे महाराष्ट्र की महायुति सरकार में राज्य मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री और कणकवली से भाजपा के विधायक हैं। उनके बयान को महायुति में शामिल शिंदे गुट की शिवसेना को सीधी चेतावनी के तौर पर देखा गया। इससे महायुति में दरार की अटकलें भी तेज हो गईं।

## 'वोटर लिस्ट तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन कामों में से एक...'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस सहित दूसरे विपक्ष दल भले ही मतदाता सूची सहित दूसरी चुनावी गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े रहे है, लेकिन चुनाव आयोग का मानना है कि मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।



बल्कि इसे तैयार करने की प्रक्रिया दुनिया की सबसे कठोर और पारदर्शी प्रक्रियाओं में एक है। जिसे सभी राजनीतिक दलों को साथ लेकर तैयार किया जाता है। इनमें किसी भी तरह की गड़बड़ी पर दावे, आपत्ति और अपील का प्रावधान है। चुनावी विश्वसनीयता को लेकर स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह बातें कहीं। सम्मेलन में दुनिया भर के करीब पचास देशों से जुड़े चुनाव प्रबंधन संस्थानों ने हिस्सा लिया है।

**चुनाव के दौरान प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी**

सम्मेलन में सभी देशों को चुनावी विश्वसनीयता को सशक्त बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को साझा करना था। सम्मेलन में पहले वक्ता के रूप में बोलते हुए कुमार ने भारत में चुनाव से पहले अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के बार में विस्तार से बताया। जिसमें राजनीतिक दलों की मौजूदगी में मतदाता सूची को तैयार करना, ईवीएम को जांचने और मतदान के बाद राजनीतिक दलों को मतदान की जानकारी देने से जुड़ी व्यवस्था से परिचित कराया। साथ ही बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में दो करोड़ से अधिक कर्मचारी उसके साथ जुड़ कर काम करते हैं।

## सोनम समेत 5 आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड



**शिलॉन्ग।** मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलॉन्ग लाया गया है। सभी आरोपियों को 11 जून को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी। इधर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने बुधवार को इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की। गोविंद राजा की मां के गले लगकर रोया और कहा कि सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए।

गोविंद ने कहा कि आरोपी राज कुशवाहा और सोनम के बीच अफेयर नहीं था। वह राज को राखी बांधती थी। राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए।

## कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ की जिम्मेदारी क्रिकेट बोर्ड पर डाली



**महानगर नेटवर्क**

**बेंगलुरु**

बेंगलुरु में हुई भगदड़ के लिए कर्नाटक सरकार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को जिम्मेदार ठहराया है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया कि इस इवेंट के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं ली गई थी और आयोजकों ने सोशल मीडिया के जरिए 'पूरी दुनिया' को इस इवेंट में शामिल होने को बुला लिया। हाईकोर्ट में RCB के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले और चार अन्य लोगों की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हो रही है। सोसले ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। सोसले ने 10 जून को कोर्ट में दलील दी थी कि पुलिस अधिकारियों को सिर्फ सस्पेंड किया गया है, वे अरेस्ट नहीं हुए। सिर्फ मेरे साथ ऐसा क्यों किया।

4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर RCB की विक्ट्री परेड में मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। 33 घायल हो गए थे। यहां 3 से 4 लाख क्रिकेट फैंस खिलाड़ियों को देखने आए थे, जो स्टेडियम की क्षमता से कहीं ज्यादा थे।

## ट्रम्प से बहस करने पर मस्क को पछतावा

### कहा- पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया

**महानगर नेटवर्क**

**वॉशिंगटन**

टेस्ला चीफ इलॉन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बहस को लेकर खेद जताया है। उन्होंने बुधवार को इसे लेकर एक सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है। उन्होंने लॉस एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई।

इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा, हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे ही जुड़े एक वीडियो पर इलॉन मस्क ने 'रेड हार्ट' इमोजी कमेंट किया था।





**ट्रम्प से जुड़ी अपनी पोस्ट हटा चुके हैं मस्क**

मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका इलॉन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

## सेना की वर्दी में दिखे 2 आतंकी

### जम्मू कश्मीर के सांबा में हाई अलर्ट



**महानगर नेटवर्क**

**जम्मू**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। इस बीच बुधवार को यहां सांबा जिले के कुछ गांव वालों ने सुरक्षा बलों को दो संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना दी है। सूचना मिलते ही इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सर्च ऑपरेशन जारी है, लेकिन अभी तक संदिग्ध व्यक्तियों का कोई पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने सेना की वर्दी पहन रखी है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने कथित तौर पर रात के समय नुड गांव के आसपास के एक स्कूल के पास संदिग्ध लोगों को देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को पुलिस और सेना के संयुक्त दलों ने घेर लिया है। बुधवार तड़के सुबह तलाशी अभियान शुरू किया गया।

## मुस्लिम बढ़े, ईसाई घटे...हिंदू स्थिर

### 10 साल में कैसे बदली दुनिया की धार्मिक जनसंख्या

**महानगर नेटवर्क**

**वॉशिंगटन**

दुनिया में धार्मिक आबादी को लेकर जारी एक नई रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। प्यू रिसर्च सेंटर की इस रिपोर्ट में साल 2010 से 2020 के धार्मिक आबादी के डेटा का विश्लेषण किया गया है, जिससे पता चलता है कि इस दौरान वैश्विक धार्मिक परिदृश्य तेजी से बदला है। एक दशक के दौरान मुस्लिम आबादी किसी भी धर्म के मुकाबले सबसे तेजी से बढ़ी है।

**मुस्लिम आबादी सबसे तेजी से बढ़ी**

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2010 से 2020 के बीच मुस्लिम आबादी अपेक्षाकृत सबसे तेजी से बढ़ने वाली आबादी थी, जो दुनिया की आबादी का 25.6 प्रतिशत हिस्सा बन गई है। हालांकि, ईसाई अभी भी सबसे बड़ी आबादी है, लेकिन दुनिया की कुल आबादी में इसका हिस्सा घटा है। अब यह दुनिया की कुल जनसंख्या का 25.6 प्रतिशत है, जो कि 1.5 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है।



**हिंदुओं की आबादी स्थिर**

हिंदू धर्म को मानने वालों की जनसंख्या कमोबेश 14.9 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि बौद्ध धर्म में 0.8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो ईसाई धर्म के बाद सबसे ज्यादा है। बौद्ध इकलौता धर्म है, जिसके मानने वालों की संख्या 2010 के मुकाबले 2020 में कम हुई है। इसमें 1.8 करोड़ की गिरावट देखी गई है। सबसे दिलचस्प पहलू उन लोगों की तेजी से बढ़ती संख्या हैं, जो खुद को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ते हैं। किसी भी धर्म को न मानने वालों की संख्या 27 करोड़ बढ़ी है।

## तत्काल टिकट के लिए अब आधार जरूरी होगा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में रिजर्वेशन चार्ट तैयार करने के समय में बदलाव किया गया और अब रेलवे ने 1 जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के नियम में बड़ा बदलाव करने की जानकारी दी है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 1 जुलाई से नया नियम लागू होगा, जिसके तहत आधार लिंक के बगैर रेल टिकट बुक नहीं होगा।

रेलवे ने बड़ा फैसला करते हुए टिकटिंग सिस्टम में बदलाव किया है जिसके मुताबिक, यूजर्स 1 जुलाई से बिना आधार लिंक के ऑनलाइन टिकट बुक नहीं हो सकेगा। रेलवे के इस फैसले के पीछे कारण है कि बड़ी संख्या में फर्जी ID के जरिए ऑनलाइन टिकटिंग में धांधली के मामले सामने आ रहे थे।





रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को आदेश भेजकर कहा है, '01-07-2025 से, तत्काल योजना के तहत IRCTC की वेबसाइट या ऐप से केवल आधार वेरिफाइड यूजर्स ही टिकट बुक कर सकते हैं।' बता दें कि IRCTC भारतीय रेलवे की टिकट बुकिंग वेबसाइट है और आधार वेरिफाइड यूजर्स का मतलब है कि आपका आधार कार्ड IRCTC अकाउंट से लिंक होना चाहिए।

**तत्काल बुकिंग के लिए OTP वेरिफिकेशन**

रेलवे के नए नियम के मुताबिक, 15 जुलाई 2025 से एक और नया नियम लागू होगा। तत्काल टिकट बुक करते समय आधार से वेरिफाइड मोबाइल नंबर पर आने वाले OTP को एंटर करना होगा।

**सरल भाषा में समझें, क्या है नया तत्काल बुकिंग नियम**

1 जुलाई 2025 से IRCTC रेल टिकट, वेबसाइट या ऐप पर तभी बुक होंगे जब यूजर का आईआरसीटीसी अकाउंट, आधार से वेरिफाई किया जा चुका होगा।

इसके अलावा 15 जुलाई, 2025 से टिकट बुक करते समय आधार OTP भी एंटर करना होगा।

**टिकट एजेंट्स के लिए भी नया नियम**

रेलवे ने टिकट एजेंटों के लिए भी नए नियम लागू किए हैं। रेल एजेंट अब तत्काल टिकट बुकिंग शेड्यूल खुलने के पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। आपको बता दें कि AC क्लास के लिए यह समय सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक और नॉन-AC क्लास के लिए सुबह 11 से 11.30 बजे के बीच होगा।

## मंत्रालय के गेट पर 'प्रहार' का धरना

**मुंबई।** पूर्व राज्य मंत्री बच्चू कडू किसानों की समस्याओं को लेकर पिछले चार दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों को मान्य करने की मांग को लेकर प्रहार के कार्यकर्ताओं ने मंत्रालय के गार्डन गेट पर धरना दिया। इस दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। राज्य में किसानों, दिव्यांगों और श्रमिकों की समस्याओं का सरकार जल्द से जल्द समाधान की मांग को लेकर पूर्व विधायक और पूर्व राज्यमंत्री बच्चू कडू पिछले चार दिनों से गुरुकुंज मोजारी में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रहार संगठन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उनके समर्थन में मंत्रालय के बाहर गार्डन गेट पर धरना दिया। धरना में कई दिव्यांग कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई गिरफ्तारियां हुई हैं। कुछ कार्यकर्ता अचानक गार्डन गेट पर जमा हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

# महाराष्ट्र में शराब पर 71% से अधिक टैक्स

## कर्नाटक में है शराब पर सबसे अधिक कर

महानगर संवाददाता

मुंबई



महाराष्ट्र देश के उन राज्यों में शामिल हैं, जहां शराब पर टैक्स पहले से ज्यादा है। नई आबकारी नीति में देशी-विदेशी शराब पर टैक्स बढ़ाने से कर की दर 71% से अधिक होने की संभावना है। सरकार ने देशी-विदेशी शराब पर टैक्स जरूर बढ़ाया, लेकिन बीयर और वाइन पर टैक्स नहीं बढ़ाया है। इससे वाइन उत्पादन करने वाली कंपनी सुला वाइनयार्ड्स लिमिटेड को राहत मिली है। इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार वर्तमान में कर्नाटक में शराब पर सबसे अधिक 83% कर है। अधिक कर की वजह से कर्नाटक शराब के शौकीनों के लिए सबसे महंगी जगह है। राजस्थान में 69 फीसदी कर है, जबकि तेलंगाना में 68% और उत्तर प्रदेश में 66% कर है। शराब के मामले में गोवा किफायती राज्य बना हुआ है। गोवा में शराब पर 49% टैक्स है। हरियाणा में भी शराब पर 47% टैक्स है, लेकिन वहां शराब का अधिकतम खुदरा मूल्य अधिक है। इस वजह से वहां गोवा के मुकाबले शराब की कीमत अधिक है। देश की राजधानी दिल्ली में शराब पर 62% टैक्स है। दिल्ली में अधिक कर के बावजूद शराब की दरें अन्य राज्यों से कम है।

### बीयर, वाइन पर नहीं बढ़ा टैक्स

मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में महाराष्ट्र सरकार ने भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) पर 51%, देशी शराब पर 14% और प्रीमियम शराब पर 25% टैक्स बढ़ाया था, हालांकि बीयर और वाइन पर टैक्स का बोझ नहीं बढ़ाया गया। बीयर में हार्ड लिकर की तुलना में अल्कोहल की मात्रा कम होती है और इसलिए इसे छूट दी गई है। शराब के मामले में राज्य की पॉलिसी का उद्देश्य उद्योग को बढ़ावा देना है।

### तेलंगाना में शराब पर सबसे अधिक खर्च

वित्त मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के एक अध्ययन के अनुसार तेलंगाना में लोग शराब पर सबसे अधिक पैसे खर्च करते हैं। तेलंगाना में शराब पर प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक खर्च 1,623 रुपए है, जबकि दूसरे नंबर पर आंध्र प्रदेश है। वहां प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक खर्च 1,306 रुपए है, जबकि पंजाब में 1245, छत्तीसगढ़ में 1227 रुपए प्रति व्यक्ति वार्षिक खर्च है। महाराष्ट्र में शराब पर प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक खर्च 346 रुपए है। उत्तर प्रदेश के लोग शराब पर सबसे कम पैसे खर्च करते हैं। वहां प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक खर्च केवल 49 रुपए है, जबकि राजस्थान में 140 रुपए, त्रिपुरा में 148, मध्यप्रदेश में 197 और असम में 198 रुपए है।

# ITI छात्रों को स्थानीय उद्योगों में ही अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलेगा: लोढा



**मुंबई।** आईटीआई छात्रों को उनके अपने जिलों में ही स्थानीय उद्योगों में प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) प्रदान की जाए, ऐसे निर्देश कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगलप्रभात लोढा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और क्षेत्रीय अधिकारियों को दिए हैं। इस निर्णय के चलते प्रशिक्षणार्थी छात्रों को अब अपने जिले के उद्योगों में वजीफे के साथ काम करने का अवसर प्राप्त होगा। केंद्र सरकार के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का उपयोग करते हुए कुशल कारीगरों को आवश्यक प्रशिक्षण देने हेतु राज्य में 'महाराष्ट्र अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना' लागू की जा रही है। मंत्री लोढा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष एक लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अनुसार, 30 या उससे अधिक कर्मचारियों (ठेका कर्मियों सहित) वाली संस्थाओं में कुल कार्यबल का न्यूनतम 2.5% से अधिकतम 25% तक प्रशिक्षु पद अनिवार्य किए गए हैं। यह योजना 27 समूहों के अंतर्गत 258 निर्दिष्ट, 35 क्षेत्रों के अंतर्गत 414 वैकल्पिक व्यवसायों, 6 समूहों के अंतर्गत 20 ट्रेड और महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास परीक्षा मंडल के 123 व्यवसायों में लागू की गई है। प्रशिक्षुता की अवधि व्यवसाय के अनुसार 6 से 36 महीनों तक होती है। इस योजना के तहत प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी संस्थाओं में प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ाने और प्रोत्साहन देने के लिए 'महाराष्ट्र अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना' को राज्यभर में बड़े पैमाने पर लागू किया जा रहा है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा कर, आवश्यक ट्रेड्स को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

# रिटायर्ड अधिकारियों को कॉन्ट्रैक्ट पर रखेगी सरकार

## 70 साल तक कर सकेंगे काम



**मुंबई।** रिटायर्ड अधिकारियों को फिर से सरकार में काम करने का अवसर मिलेगा। सरकार उन्हें कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर काम पर रखेगी और वे 65 से 70 साल की आयु तक काम कर सकेंगे। हालांकि राज्य सरकार के इस फैसले का कर्मचारी और अधिकारी संगठनों ने विरोध किया है। संगठनों का कहना है कि रिटायर्ड अधिकारियों की कॉन्ट्रैक्ट भर्ती में पसंदीदा अधिकारियों को ही मौका मिलने की संभावना है, इससे भेदभाव की संभावना है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने शासनादेश जारी किया। इसमें कॉन्ट्रैक्ट पर रिटायर्ड अधिकारियों की नियुक्ति, आयु बंधन सहित अन्य बातों का जिक्र किया गया है। शासनादेश के अनुसार रिटायर्ड अधिकारियों को सरकारी, अर्ध सरकारी सेवाओं में काम पर रखा जाएगा। शासकीय कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में अधिकारियों के कुल पदों के 10 प्रतिशत पदों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा वे 65 वर्ष की आयु तक तथा उसके बाद भी यदि वे सक्षम हैं तो अधिकतम 70 वर्ष की आयु तक शासन की सेवा कर सकेंगे।


**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरि. डीईई/पी / बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा निविदा **सूचना क्रमांक : ईएल-81-914-डब्ल्यूए-20, दिनांक 06.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : विरार - सूरत** : सार्वजनिक भवन / स्टेशन में दिव्यांगजन हेतु सुलभता सुविधा, शौचालय, नल, ब्रेल साइनेजेस उपलब्ध कराने के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 18,46,457/-. **ईएमडी** : ₹ 36,900/-. **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 03.07.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 03.07.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0241

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# पानी भरने की हालात से निपटने नालों को चौड़ा करने की कवायद

## 55 मिमी पानी ले जाने की क्षमता को 120 करने की जरूरत



**मुंबई।** जलवायु के बदलते प्रकोप से अब कुछ ही घंटों में पूरे दिन भर की बारिश हो जा रही है। जिससे मुंबई जैसे सात टापुओं से घिरे शहर में बाढ़ होने का प्रमाण बढ़ता जा रहा है। 26 मई को हुई भारी बारिश से मुंबई में आई बाढ़ के बाद नालों को एक बार फिर चौड़ा करने की कवायद शुरू हो गई है। अब नालों की क्षमता 125 मिमी बारिश के पानी बहा ले जाने की क्षमता का करना है ऐसा निर्णय लिया जा रहा है जबकि अभी 55 मिमी बारिश का पानी बहाने की क्षमता इन नालों की है। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 2005 में मुंबई में आई प्रलय कारी बाढ़ के बाद मुंबई के नालों को 25 मिमी की क्षमता से बढाकर 55 मिमी क्षमता का करने का निर्णय लिया गया। बीस साल बीत जाने के बाद भी अभी तक यह काम पूरा नहीं हो पाया है। अभी मात्र 90 प्रतिशत काम पूरा हो पाया है। 2005 बाढ़ के बाद गठित चितले कमेटी ने नालों की क्षमता बढ़ कर 55 मिमी प्रति घंटा करने का सुझाव दिया था। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि 26 मई की मुंबई में हुई भारी बारिश की घटना के बाद एक बार फिर नालों को चौड़ा करने की कवायद शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मुंबई में बारिश का पैटर्न बदल गया है। पिछले 10 वर्षों में बारिश का धनत्व बढ़ता जा रहा है। अब 100 मिमी से लेकर 182 मिमी बारिश एक घंटे में हो रही है। पिछले वर्ष 16 बार एक घंटे 100 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि चार घंटे 28 बार 182 मिमी बारिश दर्ज हुई। नालों की क्षमता 55 मिमी होने से पानी निकासी की क्षमता बढ़ाने की जरुरत महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि पानी निकासी वाले नालों की क्षमता को बढ़ाकर 120 मिमी किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों के इस सुझाव पर मनपा नालों की क्षमता बढ़ाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले जिन इलाकों में अधिक जलजमाव हो रहा है वहां के नालों की चौड़ाई बढ़ा कर पानी निकासी की समस्या को दूर करना होगा।



**एनएसए डोभाल ने की मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात**

मुंबई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। फडणवीस ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसए डोभाल और उनकी मुलाकात मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास वर्षा बंगले पर हुई।

# नाबालिग से छेड़खानी मामले में डॉक्टर गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के गोवंडी इलाके में एक डॉक्टर ने अपने क्लीनिक में मेडिकल चेक-अप के दौरान 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। आरोपी डॉक्टर की पहचान खालिद अंसारी के रूप में हुई है, जो इलाके में डायमंड नर्सिंग होम नाम से एक निजी क्लीनिक चलाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नाबालिग लड़की इलाज के लिए क्लीनिक गई थी। जांच के दौरान, डॉ. अंसारी ने कथित तौर पर उसकी मजबूरी का फायदा उठाया और मेडिकल प्रक्रियाओं की आड़ में उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने लड़की को चेतावनी भी दी कि वह अपनी मां को इस घटना के बारे में न बताए। घटना से परेशान लड़की ने आखिरकार अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। जिससे उसे मेडिकल जांच के लिए राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया और जांच के बाद, उसके माता-पिता की सहमति से गोवंडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई।

# कांग्रेस का राज्यव्यापी मशाल जुलूस आज



**मुंबई।** कांग्रेस ने एक बार फिर राज्य विधानसभा चुनाव में बढ़े मतदान का मुद्दा उठाया है और इस मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने का फैसला किया है। इसके लिए गुरुवार को राज्यव्यापी मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस के जरिए विधानसभा चुनाव में हुए घोटाले की जांच की मांग की जाएगी। गडचिरोली में होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल भी शामिल होंगे। सपकाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी को बड़ी सफलता मिली थी, ऐसे में विधानसभा चुनाव में युति 100 सीटें जीतने की स्थिति में नहीं थी, लेकिन भाजपा गठबंधन को भारी बहुमत मिला। विधानसभा चुनाव के परिणाम अविश्वनीय रहे, इस वजह से चुनाव आयोग की तरफ से घोषित मतदान प्रतिशत पर संदेह पैदा हो गया। चुनाव के बाद जहां औसत मतदान 58 प्रतिशत बताया गया, वहीं अगले दिन 66.5 प्रतिशत मतदान दिखाया गया, यानी 7.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सपकाल ने आरोप लगाया है कि यह एक बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन अगर उन पर संदेह के बादल छाए हुए हैं तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

# नालों में कचरा फेंकने पर रोक लगाने को जाली का होगा प्रयोग



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने नालों में कचरा फेंके जाने पर रोक लगाने के लिए अब जाली का प्रयोग करने का निर्णय लिया है। मनपा प्रशासन ने शुरुआत में वडाला स्थित डब्ल्यूटीटी नेटवर्क नाला, दादर धारावी नाला और प्रभादेवी के आरसी नाले के किनारे आठ से दस फुट ऊंची जालियां लगाई जाएंगी। इसके लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और मानसून के बाद काम शुरू किया जाएगा। इस तरह की जानकारी मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने दी। बता दें कि हर साल मानसून से पहले शहर के बड़े नालों से कीचड़ निकाला जाता है और छोटे नालों की सफाई विभाग स्तर पर होती है। हालांकि सफाई के बाद भी नालों में दोबारा कचरा जमा हो जाता है। खासकर झोपड़पट्टियों और चाल से नालों में कचरा फेंका जाता है। जिससे नाले फिर से जाम हो जाते हैं। इसी समस्या को रोकने के लिए मनपा प्रशासन ने सुरक्षात्मक जालियां लगाने का फैसला लिया है। 2024 की शुरुआत में बांद्रा पश्चिम में एक नाले के पास प्रायोगिक तौर पर दस फुट ऊंची जाली लगाई गई थी। जिसका बड़ा फायदा मिला था। इस सफल प्रयोग को देखते हुए अब तीन और नालों के पास यह परयोः किया जा रहा है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि इन क्षेत्रों में नालों के किनारे जाली लगाने के लिए निविदाएं जारी की जाएगी और काम मानसून के बाद शुरू होगा।


**वादपदों के स्थिरीकरण के लिये प्रतिवादी को सम्मन**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

[व्यवहार प्रक्रिया संहिता के परिशिष्ट 'ख' का फार्म सं. 1]

न्यायालय श्रीमान वाणिज्यिक न्यायालय अजमेर

श्री इन्टरनेशनल कोम्बोरान (इन्डिया) लिमिटेड वादी

**बनाम**

श्री मोहम्मद नोमानी प्रतिवादी

व्यवहार वाद संख्यांक 63/20 सन 200

विरूध्द: श्री मोहम्मद नोमानी प्रोपराईटर डायनमिक बिल्डिग सप्लाईयर 8 प्रभावती टावर ए-विंग खोपाट थाणे वेस्ट 400601

चूंकि वादी ने आपके विरूध्द नकल सलग्न है के लिए एक वाद संस्थित किया है अत: आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता जो कि सम्यकरूपेश अनुदिष्ट हों व वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिनके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो, के द्वारा दिनांक 16/6/25 के दिवस को 7.30 AM बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हों और आगे आपको एतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हों व जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा व प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हों भी प्रस्तुत करें तथा जहां आदेश किसी अन्य प्रलेख की आपके आधिपत्य या अधिकार में हो या न हो, गर अभी प्रतिरक्षा या प्रतिवादन या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में भरोसा रखते हों, उन प्रलेखों की अपने लिखित कथन के साथ उपाबध्द की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

सूचित रहे कि पूर्णवर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति मे व्यक्तिक्रम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जावेगा।

आज दिनांक 6/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

न्यायाधीश

वाणिज्यिक न्यायालय अजमेर



**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल – 400008 द्वारा निम्नलिखित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **अ.क्र.: 1. निविदा सूचना क्रमांक : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी 0ईसीओए (ईसीटीडी)/12/2025 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कंप्यूटर क्रमांक 623487), दिनांक : 09.06.2025. कार्य का नाम** : कमिन्स इंजन सीपीसीबी-I डीजल इंजन मॉडल केएटी जी4/5 – कमिन्स इंजन क्रमांक 25294970-पीसी 048550-सेट ए, 25316156-पीसी 068511-सेट ए, 25291686-पीसी 068511-सेट बी की मरम्मत, फिटमेंट, परीक्षण एवं क्रियान्वयन का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 47,15,088/-. **बोली सुरक्षा राशि** : ₹ 94,300/- . **अ.क्र.: 2. निविदा सूचना क्रमांक : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी 0ईसीओए (ईसीटीडी)/13/2025 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कंप्यूटर क्रमांक 625580), दिनांक : 09.06.2025. कार्य का नाम** : ग्रीव्स कॉटन इंजन सीपीसीबी-II डीजल इंजन क्रमांक 1309121812279 एवं सीपीसीबी-I क्रमांक 3317121011245 की मरम्मत, फिटमेंट, परीक्षण एवं क्रियान्वयन का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹34,46,743.40. **बोली सुरक्षा राशि** :₹ 68,900/-. **दोनों निविदाओं की जमा करने की तिथि एवं समय** : 07.07.2025 को 15:00 बजे तक. **दोनों निविदाओं के खोलने की तिथि एवं समय** : 07.07.2025 को 15:30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0245

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**PUBLIC NOTICE**

My client Ms. NAMRATA DEHAL has inherited from her deceased father Mr. Bikram Singh Dehal, the ownership rights and membership in a commercial premises being Gala No. A 14, Giriraj Industrial Premises Cooperative Society Ltd, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400093 & her name was entered in the share certificate no.12 (Distinctive nos. 56 to 60 both inclusive).

My client has lost/misplaced the Agreement dated 1st October 1981 by which Mr. Bikram Singh Dehal had purchased the said Gala. The Original of this agreement along with the relevant documents of that time are lost/misplaced and not traceable. My client has lodged a complaint of missing document with the MIDC Police station who has issued a certificate to that effect dated 10/06/2025 bearing Complaint Id no. 51905/2025.

If any person/institution being in possession of the lost/misplaced original agreement/documents and/or having found the same and/or having any claim of any nature, he/she/they should contact / write to the undersigned within 14 days from the date of this notice. Thereafter no claim will be considered and my client shall presume the same to be lost/misplaced and not traceable.

**Adv. NILANJANA M. SHAH**

**G-31, Ground Floor, Shrinivas Building, Prarthana Samaj Road, Vile Parle (East), Mumbai 400057.**

**Place : Mumbai Date : 12TH JUNE 2025**


# पहले आकस्मिक मृत्यु, फिर आत्महत्या के लिए प्रेरित और अब पुलिस ने माना हत्या



**मुंबई।** मझगांव इलाके में 53 वर्षीय महिला की रहस्यमयी मौत के मामले ने अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। पहले जिसे आत्महत्या माना जा रहा था, अब पुलिस ने उसे हत्या का मामला मानते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। मुख्य आरोपी शोएब इम्तियाज़ खान उर्फ बॉबडा (27) को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका गुलशन, जो उसकी मौसी थी, उसके साथ उसने कथित तौर पर विवाह किया था। जांच में खुलासा हुआ कि यह मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित हत्या हो सकती है। शोएब का भाई ज़ैद और उनकी मां रोशन खान भी मामले में सह-आरोपी हैं और फिलहाल फरार हैं। पुलिस को मृतका के घर के बाथरूम के दरवाजे और चप्पलों पर खून के धब्बे मिले हैं, जिनके फॉरेंसिक जांच के लिए नमूने एकत्र किए गए हैं। यह मामला पहली बार 16 अप्रैल को मृतका के पति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया था। शुरुआत में इसे आकस्मिक मौत माना गया, बाद में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ, लेकिन अब सबूतों के आधार पर हत्या की धाराएं जोड़ी गईं।

# मुंब्रा रेल हादसे के घायल अब खतरे से बाहर

**ठाणे।** मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास हुए भीषण रेल हादसे में घायल हुए आठ यात्रियों की हालत अब स्थिर है और सभी का इलाज ठाणे मनपा के छत्रपति शिवाजी महाराज रुग्णालय में जारी है। सोमवार सुबह हुई इस दुर्घटना में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि आठ यात्री गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। इनमें से तीन घायलों की मंगलवार को हड्डी की जटिल सर्जरी की गई थी, जबकि बुधवार को किसी भी मरीज की सर्जरी आवश्यक नहीं पाई गई। अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, सभी मरीज अब चिकित्सकीय निगरानी में हैं और खतरे से बाहर हैं। डीन डॉ. राकेश बारोट ने बताया कि मरीजों को जल्द ही छुट्टी दी जा सकती है, लेकिन यह निर्णय पूरी तरह डॉक्टरों की अंतिम सलाह पर आधारित होगा। फिलहाल किसी भी मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज नहीं किया गया है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(मुख्य अभियंता, भवन अनुरक्षण)

**लघु ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मु. अभि. (भवन अनुरक्षण) |
| उप-विभाग | उप मु. अभि. (भवन अनुरक्षण) शहर |
| निविदा क्र. | 2025_एमसीजीएम_1188587 |
| विषय | बी वार्ड कार्यालय भवन में कार्यकारी अभियंता जल कार्य (पी एवं आर) के कार्यालय के नवीनीकरण का प्रस्ताव. |
| कुल अनुमानित लागत | ₹ 93,27,760.00/- |
| ई.एम.डी. | ₹ 93,300.00 (रुपये तिरानबे हजार तीन सौ मात्र) ईएमडी, यूआरएल https://mahatenders.gov.in पर जीओएम के पेमेंट गेटवेज के जरिए अदा की जाना चाहिये. |
| निविदा –बिक्री | 12.06.2025 को सुबह 11.00 बजे से 3.06.2025 को सायं. 04.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संबंधित व्यक्ति | सब-इंजीनियर (बी.एम.) शहर-I |
| नाम | श्री निखिल विशे |
| दूरभाष क्र. | 9272683010 |
| ईमेल आईडी | Se11city.bm@mcgm.gov.in |

हस्ता./-

पीआरओ/637/विज्ञा./2025-26 ई.ई. (बी.एम.) शहर-I

खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें



**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

**टेली. नं. – 022-66405432, ई-मेल : eewest.msib@mhada.gov.in**

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/77/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 77**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा किसी भी सरकारी /अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 4 कार्यों के लिये खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है.

| अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि | अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री का प्रारंभ | 13.06.2025 को सुबह 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री का समापन | 20.06.2025 को दोप. 2.30 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली का खुलना | 23.06.2025 को दोप. 3.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली का खुलना | 24.06.2025 को सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी 1.** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.

**टिप्पणी 2.** कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि है तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

हस्ता./-

सीपीआरओ/ए/470

कार्यकारी अभियंता (प), एमएसआईबी बोर्ड, मुंबई

Follow us:@mhadaofficial

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


# मनपा और स्थानीय चुनाव में गठबंधन को लेकर महायुति में मतभेद

**मुंबई।** आगामी मुंबई मनपा सहित स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ और विरोधी दल की सभी पार्टियां चुनाव की तैयारी में जोरशोर से जुट गई है। ऐसे में क्या लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तर्ज पर महाविकास आघाड़ी और महायुति में शामिल सभी पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ेगी। महायुति की सहयोगी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तो अकेले चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक रही है। 10 जून मंगलवार को पुणे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राकांपा के कार्याध्यक्ष और राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से मनपा और स्थानीय चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया। पटेल ने कहा कि अगर महायुति होती है तो ठीक है, नहीं तो अकेले चुनाव लड़ा जाएगा। ऐसे में प्रफुल्ल पटेल के इस बयान पर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या मनपा और स्थानीय चुनाव में महायुति में शामिल तीनों पार्टियां अलग -अलग चुनाव लड़ेंगी।



### महायुति मनपा और स्थानीय चुनाव मिलकर लड़ेंगी : बावनकुले

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मनपा और स्थानीय चुनाव में महायुति को लेकर जो बयान दिया उस पर राज्य के राजस्व मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने स्पष्टीकरण दिया है। महायुति राज्य के सभी चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेगी। इसमें दो राय नहीं है कि महायुति अलग –अलग चुनाव लड़ेगी। बावनकुले ने कहा कि हमने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस संबंध में आदेश दे दिए हैं। हमारे स्थानीय स्तर के कार्यकर्ता आपस में इस बारे में चर्चा कर रहे हैं।

### महायुति नहीं हुई तो अकेले लड़ेंगे चुनाव : प्रफुल्ल पटेल

आगामी चुनाव में गठबंधन के बारे में बोलते हुए राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा, 'हम स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ लड़ेंगे, जहां भी संभव होगा, गठबंधन बनाया जाएगा। लेकिन जहां यह संभव नहीं है, हम अपने बल पर लड़ेंगे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

### फडणवीस ने बावनकुले के बयान की पुष्टि की

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बावनकुले के इस बयान की पुष्टि की है कि भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव एक महागठबंधन के रूप में लड़ेगी। फडणवीस ने कहा, 'हमारी स्थिति दृढ़ है, हम एक महागठबंधन के रूप में चुनाव लड़ेंगे, लेकिन कुछ जगहों पर जहां यह संभव नहीं है, वहां दोस्ताना लड़ाई होगी।' जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

# सभी धारावीकरों को मिलेगा घर

## विजन

धारावी पुनर्विकास परियोजना (DRP) धारावी निवासियों के जीवन और निवास के साथ काम करने की स्थितियों को एक व्यावहारिक तरीके से बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका उद्देश्य उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाला जीवन स्तर प्रदान करना है। प्रस्तावित मास्टर प्लान धारावी की मौजूदा विशेषताओं पर निर्माण करने, धारावीकर हेतु एक विश्व स्तरीय क्षेत्र बनाने और मुंबई के लिए एक नए दिल की पुनःकल्पना करने का एक प्रयास है।



**श्री देवेंद्र फडणवीस**
माननीय मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

धारावी सिर्फ एक बस्ती नहीं है। यह एक सशक्त सूक्ष्म-आर्थिक प्रणाली का प्रतिनिधित्व करती है।



**श्री एकनाथ शिंदे**
माननीय उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

धारावी का पुनर्विकास केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सामाजिक वादा है।

## मुंबई के नक्शे से मिटेगा एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी का बदनुमा दाग

**यह एक ऐतिहासिक पुनर्विकास है जो अंततः साकार हो रहा है और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी के लिए आवास नीति इस संकल्पना के अनुरूप है।**

**धारावी के पुनर्विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने के साथ ही, 'एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी' का बदनुमा दाग अब मुंबई के नक्शे से मिटने वाला है।**

**धारावी को पूरी तरह से बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, एक व्यापक मास्टरप्लान मुंबई के सबसे घनी आबादी वाले इलाके में एक नई जान फूंकने की कोशिश कर रहा है।**

**प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य सिर्फ़ नई बुनियादी ढांचे का निर्माण करना नहीं है, बल्कि एक हरित और रहने योग्य समुदाय बनाना है।**

**हालांकि धारावी पुनर्विकास परियोजना (DRP) मुख्य रूप से आवश्यक बुनियादी ढांचागत सुधारों पर केंद्रित है, लेकिन इस योजना में जानबूझकर खुली जगहों को शामिल करने का प्रयास किया गया है, जिससे निवासियों को लंबे समय से झेलते आ रहे तंग और कठोर हालातों से राहत मिल सके।**

**"धारावी नोटिफाइड एरिया (DNA) का नया मास्टरप्लान मौजूदा भीड़भाड़ वाले जाल को एक जीवंत, समावेशी और प्रकृति-समृद्ध शहरी वातावरण में बदलने की दिशा में है," योजना से परिचित एक सूत्र ने बताया।**

**"यह पुनर्विकास योजना महाराष्ट्र नेचर पार्क से प्रेरणा लेती है, जो मिठी नदी के पास एक समृद्ध मानव निर्मित वन क्षेत्र है। उद्देश्य यह है कि प्रकृति को शहरी परिदृश्य में लाया जाए, और एक स्वस्थ, टिकाऊ समुदाय का निर्माण किया जाए," प्रोजेक्ट की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया।**

## मुख्य विशेषताएँ

**1.** नियोजन रणनीतिः धारावी मास्टर प्लान तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर बनाया गया हैः पुनर्विकास के माध्यम से आर्थिक बदलाव लाना, मजबूत इकोलॉजी और बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना, और उचित धारावी को बढ़ावा देना।

**2.** कनेक्टेड ओपन स्पेस नेटवर्कः बड़े पार्कों से लेकर छोटे सामुदायिक खेल के मैदानों तक, हरे और सार्वजनिक स्थानों का एक परस्पर जुड़ा हुआ नेटवर्क यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक निवासी के पास जीवंत, चलने योग्य खुले स्थानों तक पहुँच हो। यह नेटवर्क धारावी में इकोलॉजिकल स्थितिस्थापकता को मजबूत करेगा और दैनिक जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा।

**3.** सेंट्रल हार्टः धारावी के केन्द्र में एक बड़ा सक्रिय सार्वजनिक खुला स्थान बनाने की योजना बनाई गई है, जो न केवल निवासियों की मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि मुंबई शहर के एक बड़े हिस्से की मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा, जहाँ धारावी और मुंबईकर उत्सवों और त्यौहारों के लिए एक साथ आ सकेंगे।

**4.** पैदल चलने योग्य और पारगमन उन्मुखः धारावी को एक नए उच्च परिवहनलक्षी विकास में रुपांतरित किया जाएगा। जिसमें सीमलेस मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी होगी, जिसमें एक नए मेट्रो कॉरिडोर को भी शामिल किया जाएगा। बस फीडर सिस्टम, गैर-मोटर चालित परिवहन के लिए समर्पित बुनियादी ढाँचा और एक बढ़िया सड़क नेटवर्क सभी इलाकों में एंड-टू-एंड कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और निकट के क्षेत्रों में आपकी पहुंच को बढ़ाएगा।

**5.** मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (**MMTH**): धारावी के मध्य में, मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (**MMTH**) की योजना इस आधार पर बनाई गई है कि यह पहली सुविधा होगी जहाँ शहर की बसें और अन्य शहरी परिवहन, साथ ही अंतर-शहर; शहर के भीतर; उपनगरीय; मेट्रो; हाई-स्पीड और एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेनें एक ही स्थान पर इस्तेमाल की जा सकेंगी। यह एकीकृत हब मेट्रो, रेल, बसों, फीडर सेवाओं और गैर-मोटर चालित परिवहन अवसंरचना को जोड़ेगा, जिससे उत्तर-दक्षिण-पूर्व-पश्चिम दिशाओं में सभी साधनों में कुशल स्थानांतरण संभव होगा। जो लोग पारगमन में हैं, वे धारावी आ सकते हैं, दिन के अंत में मुंबई या नवी मुंबई से उड़ान के लिए अपने बैग चेक-इन कर सकते हैं और **MMTH** में विभिन्न सुविधाओं में दिन बिता सकते हैं। भूमिगत लिफ्टों, एस्केलेटर और सबवे के माध्यम से एमएमटीएच निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करेगाः

**24x7 खुदरा सुविधाएँ**
**रेस्तरां, कैफ़े और शॉपिंग**
**कार्यालय और होटल स्थान**
**सेंट्रल एवेन्यू से कनेक्टिविटी**

**6.** सुलभ सामाजिक सुविधाएँ: विद्यालय, स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक सुविधाओं के साथ-साथ पैदल चलकर पहुंच सके ऐसी सामाजिक बुनियादी ढाँचे की कई सुविधाएँ होंगी। निकट में खुली जगहें और परिवहन पहुँच भी शामिल होगी, जो शहर की विविध आवश्यकताओं को पूरा करेगी। निवासी पैदल चलकर 5 से 15 मिनट के भीतर अपनी निकटतम सुविधाओं तक पहुँच सकेंगे।

**7.** अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ: धारावी और अन्य **MMR** स्थानों में अत्याधुनिक अस्पताल नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जिसमें धारावी में पॉलीक्लिनिक्स, प्राथमिक उपचार केंद्र और धारावी में नैदानिक सुविधाएँ शामिल हैं। यह अंततः मध्य मुंबई में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा।

**8.** विविध मिश्रित उपयोग वाले आस-पास के इलाकेः यह योजना कॉम्पैक्ट, पैदल चलकर पहुंचने योग्य इलाकों में आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थागत उपयोगों के मिश्रण को बढ़ावा देती है। यह मिश्रण आर्थिक गतिशीलता का समर्थन करेगा और मौजूदा निवासियों के लिए समावेशी पुनर्विकास सुनिश्चित करेगा।

**9.** लीव एंड वर्कः मास्टर प्लान उद्योगों के लिए उपयुक्त और स्वच्छ स्थान सुनिश्चित करता है। नई अवसंरचना इकाइयों को संरचनात्मक रूप से स्थिर बनाया जाएगा ताकि भारी औद्योगिक मशीनरी और उपकरणों को जहाँ भी आवश्यकता हो, रखा जा सके। इसके अलावा, पात्र औद्योगिक इकाइयों; सभी किरायेदारों और योग्य औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयों को वाणिज्यिक स्थानों को किराए पर देने का विकल्प दिया जाएगा, जिन्हें **SPV** (**NMDPL**) पुनर्वास समितियों के रखरखाव के लिए 10% आवश्यकता का हिस्सा बनाया जाएगा। यह सुनिश्चित करता है कि धारावी की अनूठी 'लीव एंड वर्क' संस्कृति बनी रहे।

**10.** क्लस्टर विकासः प्रत्येक क्लस्टर में अलग-अलग जरूरतों और गतिविधियों को पूरा करने वाले कई स्तर पर सामाजिक स्थान होने चाहिए। पुनर्विकास योजना का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर विकास क्लस्टर बनाना है जो सभी निवासियों, विशेष रूप से बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है। गुणवत्तापूर्ण खेल सुविधाएँ और खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे, जो बच्चों के विकास और विकसित होने के लिए एक सुरक्षित और पोषण करने वाला वातावरण प्रदान करेंगे।

**11.** रिवरफ्रंट विकास और वॉटर बॉडी कायाकल्पः प्रस्तावित वाटरफ्रंट विकास और धारावी प्रोमेनेड की योजना नदी के किनारे की खुली जगह तक पहुँच प्रदान करने के लिए बनाई गई है। प्रोमेनेड लोगों के लिए मीठी नदी के किनारे टहलने का आनंद लेने और उत्तर में मैंग्रोव वन के साथ एक सुंदर स्थान होगा। यह युवा और बूढ़े दोनों के लिए एक हैंगआउट स्थान के रूप में काम करेगा और लोगों को एक साथ आने, बातचीत करने और सामाजिककरण करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह क्वीन्स नेकलेस (मरीन ड्राइव) के बाद शहर का सबसे लंबा वाटरफ्रंट होगा।

**12.** पहचान बनाएं और स्थान निर्माण करेंः शहरी पहचान की रणनीति कनेक्टिविटी, समावेशिता और स्थान निर्माण पर आधारित है, जो धारावी को एक यादगार, निकट में आराम से घूमने योग्य वातावरण में बदल देती है। स्वच्छ सड़कों के साथ, यह योजना समुदाय के चरित्र को मजबूत करती है और सुरक्षित और जीवंत शहरी जीवन का समर्थन करती है।

**13.** प्रस्तावित सड़क नेटवर्कः प्रस्तावित सड़क नेटवर्क में मौजूदा विकास योजना (**DP**) सड़कों को चौड़ा करना और लगभग 21 किलोमीटर लंबी सड़क का नया नेटवर्क शामिल है। प्रस्तावित सड़क नेटवर्क में 9 मीटर, 12 मीटर, 15 मीटर, 18 मीटर, 21 मीटर, 24 मीटर, 27 मीटर और 36 मीटर की विभिन्न राइट ऑफ वे (**ROW**) चौड़ाई है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट उद्देश्य को पूरा करता है। धारावी के भीतर सड़कों का एक अच्छा नेटवर्क यह सुनिश्चित करेगा कि निवासी मुख्य सड़कों पर आए बिना साइड सड़कों से यात्रा कर सकें। यह एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क सुनिश्चित करता है जो विभिन्न मोहल्लों को जोड़ता है, एक संतुलित और समावेशी परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देता है। धारावी की सड़कें चौड़ी होंगी और हर 125 मीटर पर आपस में जुड़ी होंगी।

**14.** ग्रीन स्पाइनः डीएनए मास्टरप्लान मुंबई के सबसे घनी आबादी वाले इलाके के दिल में एक प्रकृति-समृद्ध वातावरण प्रस्तुत करता है। माहिम नेचर पार्क से रेलवे डेवलपमेंट एरिया तक धारावी में एक ग्रीन स्पाइन क्रॉसिंग की योजना बनाई जा रही है। यह दोनों तरफ सड़कों के साथ एक केंद्रीय हरित क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा। यह स्पाइन के बीच में बायोस्वेल के साथ बाढ़ शमन उपाय के रूप में भी काम करेगा। इस अनूठी सुविधा की योजना स्ट्रोम वोटर मीटीगेशन के हिस्से के रूप में बनाई गई है।

**15.** धार्मिक संरचनाएँ: विभिन्न धर्मों के समुदायों के लिए, प्रतिष्ठित धार्मिक परिसर, जो विश्व स्तर के होंगे, की कल्पना की जा रही है ताकि धारावी के सभी निवासियों को अपने निवास के पास सभी धर्मों की धार्मिक सेवाओं की पेशकश करने वाले अत्याधुनिक धार्मिक परिसर की सुविधा मिल सकेगी।






- सड़कें
- खुली जगहें
- पुनर्वसन और पुनर्निर्माण (आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक)
- अतिरिक्त सुविधाएं

# 72,000

**यूनिट्स का निर्माण किया जाएगा**
एक परिवर्तनकारी पहल जो धारावीवासियों के जीवन और आजीविका को उठाने के लिए की जा रही है

**49,832**
धारावी के पात्र निवासियों के पुनर्वास की यूनिट्स

**13,468**
व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयों का पुनर्वास

**8,700**
पुनर्निर्मित बीएमसी आवासीय संपत्तियां

**अन्य के लिए उदाहरण**
अपने पैमाने, जटिलता और महत्वाकांक्षा को देखते हुए, धारावी का पुनर्विकास न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया भर के शहरों के लिए एक मील का पत्थर बनने जा रहा है।

## अतिरिक्त सुविधाएं

- संग्रहालय
- मेडी-सिटी हेतु क्षेत्र
- कार्यरत महिला छात्रावास
- सरकारी कार्यालय
- मध्यस्थता केंद्र
- कन्वेन्शन और सांस्कृतिक केंद्र
- बहु-धार्मिक परिसर
- स्कूलों के लिए स्वास्थ्य देखभाल/कल्याण क्षेत्र
- धार्मिक परिसर



**स्टेला नाडर, 57**
हम धारावी के पुनर्विकास का स्वागत करते हैं। किसे बड़ा स्थान नहीं चाहिए? अगर हमें बड़ा स्थान मिले तो हम अपना उत्पादन बढ़ा सकते हैं और ज्यादा पैसा कमा सकते हैं।



**प्रभु, 26**
हमारा पूरा दक्षिण भारतीय खाद्य विक्रेता समूह पुनर्विकास के पक्ष में है। हम सब यह चाहते हैं। हम भी अच्छी और बड़ी इमारतों में रहना चाहते हैं।



**मालती नाडर, 38**
पुनर्विकास होना चाहिए। हमारे बच्चे तब हमसे बेहतर जीवन जी सकेंगे। अभी हम बहुत ही बदतर हालात में रहते हैं, लेकिन पुनर्विकास से समृद्धि आएगी।

# भारत : आत्म बल से आगे बढ़ता राष्ट्र

भारत ने हाल ही में जिस 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, वह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं बल्कि उसकी रणनीतिक सोच, वैश्विक दृष्टिकोण और राष्ट्र की सामूहिक ताकत का प्रतीक बन गया है। इस ऑपरेशन की सफलता ने भारत को एक बार फिर यह साबित करने का मौका दिया कि वह केवल एक बड़ी जनसंख्या या पुरातन संस्कृति वाला देश नहीं बल्कि एक रणनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति भी है जो वैश्विक समीकरणों को प्रभावित करने में सक्षम है। भारत अब आत्म बल से आगे बढ़ता हुआ राष्ट्र है। भारत की बढ़ती शक्ति और वैश्विक पहचान देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा क्षमता को दुनिया के सामने एक बार फिर मजबूती से प्रस्तुत किया है। संदेश स्पष्ट है कि भारत अपनी ताकत का प्रयोग केवल आवश्यकता पडने पर करता है लेकिन जब करता है तो पूरी सटीकता और सफलता के साथ करता है। इस अभियान के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें भारत की ओर टिक गई हैं। अमेरिका और चीन जैसे वैश्विक शक्ति केंद्रों को अब यह समझ आने लगा है कि भारत केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता राष्ट्र है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की सोच केवल अमेरिका या चीन की बराबरी करने की नहीं है बल्कि उनसे आगे निकलने और विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की है। ऑपरेशन सिंदूर की सबसे रोचक बात यह रही कि इससे भारतीय राजनीति में भी एक नई चेतना का संचार हुआ। ओवैसी और शशि थरूर जैसे जो नेता पहले सरकार विरोधी माने जाते थे, उन्होंने भी इस ऑपरेशन की सराहना की और राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना। इन नेताओं ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में विश्व के विभिन्न देशों में जा कर जिस मजबूती से भारत का पक्ष रखा और

> समग्र विकास और समग्र क्रांति की सोच वाले भारत की नीति अब स्पष्ट है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय लक्ष्य है। इसके लिए नीति, नियत और नागरिक तीनों का सहयोग आवश्यक है और यही तीनों आज एकजुट होकर भारत को आगे ले जा रहे हैं।




पाकिस्तान को बेनकाब किया है, उससे यह स्पष्ट हुआ कि जब बात देश की सुरक्षा और प्रतिष्ठा की होती है, तो राजनीतिक मतभेद पीछे छूट जाते हैं और 'भारत पहले' की भावना सर्वोपरि हो जाती है। यह राष्ट्रवाद का वही रूप है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से भारतीय जनमानस में गहराता गया है। 2014 से जो राष्ट्र निर्माण की लहर शुरू हुई, वह अब स्पष्ट परिणाम देने लगी है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने उसे वैश्विक निवेश और तकनीकी साझेदारी का केंद्र बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ-साथ भारत ने तकनीकी मोर्चे पर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। कश्मीर में बना चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेलवे ब्रिज केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि इंजीनियरिंग कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का आश्चर्यजनक नमूना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब ब्रिज के साथ श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लंबे अरसे से देखे जा रहे सपने को साकार कर दिया है। इसी के साथ कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया है। अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधी ट्रेन यात्रा संभव हो सकेगी। यह जम्मू और कश्मीर के डोगरा राजा महाराजा प्रताप सिंह का सपना था, जिन्होंने 1880 के दशक के अंत में इस मार्ग की कल्पना की थी और सर्वेक्षण के लिए ब्रिटिश इंजीनियरों को लगाया था। कश्मीर घाटी के लोगों के लिए ये ट्रेन न सिर्फ हर मौसम में आने-जाने के लिए एक भरोसेमंद साधन बन गई है बल्कि इससे इलाके में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इससे पहले अप्रेल में मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी ब्रिज का उद्घाटन किया था। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। भारत में अब राफेल लड़ाकू विमानों के मुख्य ढांचे का निर्माण हैदराबाद में किया जाएगा जो कि 'मेक इन इंडिया' पहल की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन के बीच हुआ एग्रीमेंट बताता है कि अब भारत केवल आयातक नहीं बल्कि रक्षा उत्पादों का निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। भारत अब हथियारों का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों की भागीदारी भारत को आत्मनिर्भर बना रही है। रक्षा उत्पादन में भारत का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत की बड़ी उपलब्धि है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र को प्रवेश देने की नीति अपनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। इससे प्रतिस्पर्धा, नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा मिला है। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित हुई ब्रह्मोस मिसाइल की ऑपरेशन सिंदूर के विश्व बाजार में मांग बढ़ी है और कई देश अब भारत से रक्षा उपकरण खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। उम्मीद है, भारत अगले दस वर्षों में रक्षा क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़ देगा। इतना ही नहीं, स्वदेशी तकनीक और स्टार्टअप्स के जरिए भारत अपने डिफेंस सेक्टर को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। भारत ने सिर्फ रक्षा नहीं बल्कि ऊर्जा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बन रहा है। सरकार की योजनाओं और प्राइवेट निवेश के समन्वय से भारत अब ऊर्जा निर्यातक देश बनने की राह पर है। अब भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण शुरू हो चुका है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सबसे अहम हिस्सा है। अब भारत में इससे भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भरता मिलेगी। भारत की विदेश नीति अब केवल अपने हितों तक सीमित नहीं रही बल्कि दुनिया को साथ लेकर चलने की नीति पर केन्द्रीत है। प्रधानमंत्री मोदी का यह स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व में केवल भागीदार नहीं बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभाना चाहता है। जी 20 की अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदला परिदृश्य इस बात के संकेत हैं कि भारत अब एक संतुलनकारी शक्ति बनकर उभर रहा है। हालांकि भारत की प्रगति उल्लेखनीय है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तमाम चुनौतियों से जूझते हुए भारत आगे बढने को दृढ़ संकल्पित है।

**– प्रो. महेश चंद गुप्ता**

## इंस्टाग्राम संस्कृति में तीर्थयात्रा बनाम पर्यटन

आज की दुनिया में जहां हर क्षण एक स्टोरी है, हर भाव एक फिल्टर में ढलता है, वहां तीर्थयात्रा और पर्यटन के बीच की रेखा धुंधली हो गई है। यह वह युग है, जहां नयनाभिराम दृश्य नयन नहीं, लेंस से देखे जाते हैं; और जहां यात्रा का उद्देश्य आत्मशांति नहीं, 'एंगेजमेंट' होता है। यथा एक यूट्यूबर ने एक बार केदारनाथ धाम में ध्यानमग्न एक साधु से पूछा कि इतने वर्षों से आप मंदिर में दर्शन को आ रहे हैं। आपको क्या अंतर प्रतीत हुआ? साधु का उत्तर था, पहले लोग दोनों हाथ जोड़कर मंदिर के सम्मुख खड़े होते थे। अब एक हाथ में मोबाइल आ गया है। यह आलेख ऐसी ही जीवंत घटनाओं के उदाहरणों के साथ साथ एक आत्मविश्लेषण है उस परिवर्तन का जो आस्था को 'हैशटैग' में और मोक्षमार्ग को 'रील्स' में बदल रहा है। भारत जैसे देश में, जहां हजारों सालों से तीर्थयात्राएं आध्यात्मिक साधना रही है, वहां यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन की तपस्या रहीं। काशी, गया, द्वारका, बद्रीनाथ, जगन्नाथ, वैष्णो देवी, सोमनाथ, वृंदावन या अयोध्या..। ये स्थान आत्मबोध की भूमि थे। यहां धर्मावलंबी, श्रद्धालु अपने पाप धोने, आत्म शांति खोजने एवं मोक्ष की ओर बढ़ने के भाव से आते थे। चिलचिलाती धूप, कंधों पर कांवड़, नंगे पांव की यात्रा और मन में सिर्फ ईश्वर का नाम यही तीर्थयात्राओं का मूल भाव रहा है। परंतु: आज वही तीर्थयात्राएं, इंस्टाग्राम स्टोरीज़ की 'वाइब्रेंट रील्स' में तब्दील हो गई हैं। अब यात्री की चिंता यह नहीं कि मन कितनी श्रद्धा में डूबा है, अपितु, यह है कि फोटो में कितना 'एस्थेटिक' बैकग्राउंड है। पर्यटन हमेशा से आनंद, मनोरंजन और सांस्कृतिक खोज का जरिया रहा है। लोग पहाड़ों, समुद्रों, ऐतिहासिक स्थलों और बाजारों में घूमते थे ताकि वे अपनी दुनिया से हटकर कुछ नया देख सकें। मगर अब पर्यटन भी प्रदर्शन का माध्यम बन गया है – ';अगर तुमने पोस्ट नहीं किया, तो क्या तुम गए भी थे?" इंस्टाग्राम कल्चर में पर्यटन अब सिर्फ घूमने का नाम नहीं रह गया बल्कि वह एक डिजिटल परफॉर्मेंस है। यह दिखाने का मंच है कि आप कितने 'एक्सप्लोरर', कितने 'एस्थेटिक ट्रैवलर', कितने 'फ्री स्पिरिट' हैं। आज अगर आप वाराणसी जाएं तो घाटों पर उतनी प्रार्थनाएं नहीं दिखेंगी जितने मोबाइल कैमरे। केदारनाथ में श्रद्धालु से ज़्यादा कंटेंट क्रिएटर दिखते हैं। अमरनाथ के रास्ते में जितनी पवित्रता नहीं, उतना ट्रैवल व्लॉग दिखता है। तीर्थ अब पर्यटन स्थल बन गए हैं और श्रद्धा अब 'हैशटैग' में तब्दील हो गई है। लोग मंदिरों में प्रवेश से पहले जूते नहीं, कैमरा ट्राइपॉड उतारते हैं। दर्शन से पहले 'सेल्फी विद गॉड' जरूरी हो गई है। क्या यह सिर्फ आलोचना है या परिवर्तन की स्वाभाविक धारा है? यह जरूरी नहीं कि हर बदलाव बुरा ही हो। सोशल मीडिया के माध्यम से तीर्थ स्थलों को नई पीढ़ी जान रही है, देख रही है और वहां जाने की प्रेरणा ले रही है। कई युवाओं के लिए यह माध्यम धार्मिक रुचि जगाने का साधन भी बना है। इंस्टाग्राम पर जब कोई केदारनाथ में शिव की भक्ति में डूबी तस्वीर साझा करता है तो वह केवल दिखावा नहीं होता। कई बार वह श्रद्धा की डिजिटल अभिव्यक्ति भी होती है। मूल समस्या तब आती है जब यात्रा का केंद्र बिंदु बदल जाता है। अगर तीर्थयात्रा केवल सुंदर तस्वीरों और वीडियो के लिए की जाती है और आस्था केवल ' रील्स' के लिए होती है तो वह तीर्थ नहीं पर्यटन है और जब पर्यटन भी केवल दूसरों को दिखाने का माध्यम बन जाता है, तब वह अनुभव नहीं, अभिनय बन जाता है। तीर्थ का अनुभव कभी मौन होता था, भीतर उतरने वाला। अब वह डीजे वाले भजन, ड्रोन शॉट्स और 'फुल सिनेमैटिक एक्सपीरियंस' में तब्दील हो गया है। जो भाव पहले मन में जागते थे, अब वे एडिटिंग ऐप में डाले जाते हैं। जब यात्रा का मकसद आध्यात्मिक नहीं, सामाजिक मान्यता हो तो यह एक भीड़ पैदा करता है – एक ऐसी भीड़ जो दर्शन के लिए नहीं, 'फ्रेम' के लिए आती है। यह भीड़ धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भी प्रभावित करती है। गंदगी, शोर, अनुशासनहीनता, व्यवसायीकरण – यह सब तीर्थ स्थलों पर दिखने लगा है। इंस्टाग्राम के ट्रेंड ने कई तीर्थ स्थलों को पर्यटन हब में बदल दिया है। होटल, कैफे, इंस्टा फ्रेंडली कॉर्नर, भव्य गेटवे। यह सब अब तीर्थ स्थलों की पहचान बन रहे हैं। यहां तक कि मंदिरों के बाहर 'फोटो बूथ' बनने लगे हैं – "हैशटैग श्रीराम जोन", "हैशटैग हरहरमहादेव स्पॉट" । इस बदलाव को नकारना व्यर्थ है लेकिन इस पर नियंत्रण जरूरी है। तीर्थयात्रा को पर्यटन में तब्दील होने से बचाने के लिए धार्मिक स्थलों की अपनी आचार संहिता होनी चाहिए, जैसे –कैमरा उपयोग की सीमा तय हो, फोटोशूट की अनुमति मंदिर के भीतर न हो, मौन, अनुशासन और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाए, यात्रा का उद्देश्य प्रचार न होकर प्रेरणा हो। इंस्टाग्राम संस्कृति ने हमारे यात्रा अनुभवों में दृश्यता और साझा करने की सुविधा दी है लेकिन इसने आत्मिक अनुभवों को सतही भी बना दिया है। तीर्थयात्रा आत्मा की भूख है जबकि पर्यटन मन का सुख। अगर हम तीर्थ को भी सिर्फ कैमरे की नजर से देखेंगे तो उसकी पवित्रता खो जाएगी। तीर्थ को अनुभव करना है, दर्शाना नहीं। इसलिए अगली बार जब आप तीर्थ जाएं, तो एक तस्वीर खींचिए... पर एक क्षण अपने भीतर भी उतारिए – क्योंकि वहां कोई 'फिल्टर' नहीं, सिर्फ सच्चाई है।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

नीला ड्रम भूला नहीं, भूल न पाया सांस
लड़कों को लग गया है, जाने किसका श्राप
जाने किसका श्राप, नई लिख गई कहानी
हनीमून पर देखो सोनम हुई दिवानी
कह सुरेश कविराय जून से डर लगता है
बाबू अब तो हनीमून से डर लगता है

## स्टारलिंक : इंटरनेट की दुनिया में एक क्रांति?

भारत में इंटरनेट सेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक और विश्व के सबसे चर्चित उद्यमियों में से एक एलन मस्क की सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक (Starlink) को आखिरकार भारत में काम करने का आधिकारिक लाइसेंस मिल गया है। यह सेवा अब उन क्षेत्रों में भी इंटरनेट प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है, जहां अब तक केवल डिजिटल खामोशी थी। स्टारलिंक दरअसल एलन मस्क की अंतरिक्ष अनुसंधान कंपनी SpaceX का एक प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी के हर कोने में इंटरनेट पहुंचाना है, खासतौर पर उन दूर-दराज़ क्षेत्रों में जहां फाइबर ऑप्टिक या मोबाइल नेटवर्क का पहुंचना संभव नहीं हो पाता। यह सेवा Low Earth Orbit (LEO) में स्थित हजारों छोटे उपग्रहों (satellites) के जरिए संचालित होती है। ये उपग्रह पृथ्वी से मात्र 550 किलोमीटर की ऊंचाई पर लगातार चक्कर लगाते हैं और एक-दूसरे से लेजर के माध्यम से जुड़े रहते हैं। जब कोई यूजर स्टारलिंक की सेवा लेता है, तो उसे एक स्टारलिंक टर्मिनल (एक प्रकार की डिश एंटीना) मिलता है, जो सीधे इन सैटेलाइट्स से जुड़ता है और इंटरनेट डेटा को भेजता और प्राप्त करता है। ग्राउंड स्टेशन भी बनाए जाते हैं, जो उपग्रहों से सिग्नल प्राप्त करते हैं और उसे ग्लोबल इंटरनेट सिस्टम से जोड़ते हैं। इस पूरी प्रणाली के चलते स्टारलिंक बिना किसी फाइबर या केबल के – केवल खुले आकाश के सहारे – इंटरनेट सेवा प्रदान करता है। भारत जैसे विशाल और विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाले देश में, जहां कई गांव अभी भी डिजिटल डिवाइड के शिकार हैं, वहां स्टारलिंक क्रांतिकारी साबित हो सकता है। स्टारलिंक की स्पीड 100–200 Mbps तक होती है और इसकी लेटेंसी (ping) भी अपेक्षाकृत कम है, जिससे यह गेमिंग, वीडियो कॉलिंग और हाई-स्पीड डाउनलोडिंग के लिए उपयुक्त है। जहां पारंपरिक इंटरनेट कंपनियों को नेटवर्क बिछाने में महीनों या सालों लग जाते हैं, वहां स्टारलिंक कुछ ही घंटों में सेवा चालू कर सकता है – बशर्ते टर्मिनल इंस्टॉल हो जाए।




स्टारलिंक की सबसे बड़ी चुनौती इसकी कीमत है। एक टर्मिनल किट की कीमत 60,000 से 80,000 तक हो सकती है और मासिक शुल्क 6,000 से 8,000 तक जा सकता है जो कि एक आम भारतीय उपभोक्ता के बजट से बाहर है। खराब मौसम – विशेष रूप से भारी बारिश या तूफान – के दौरान कनेक्टिविटी प्रभावित हो सकती है क्योंकि यह तकनीक साफ आसमान पर निर्भर करती है। जहां अधिक यूजर्स होंगे, वहां स्पीड में गिरावट आ सकती है क्योंकि बैंडविड्थ शेयर हो जाती है। इस समय भारतीय इंटरनेट कंपनियाँ – जैसे जियो, एयरटेल और वीआई – फिलहाल स्टारलिंक से ज़्यादा चिंतित नहीं हैं। मध्यम वर्ग की प्राथमिकताः भारतीय कंपनियों की सेवाएं किफायती हैं और उन्होंने शहरी और ग्रामीण बाजारों में व्यापक नेटवर्क फैला रखा है। उनके पैकेज 500 से भी कम में उपलब्ध हैं, जबकि स्टारलिंक की सेवाएं अभी लग्ज़री कैटेगरी में आती हैं। जियो और एयरटेल दोनों ही सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा लाने की तैयारी में हैं। जियो ने तो अपना "जियो-सैट" प्रोजेक्ट लॉन्च कर भी दिया है, जिससे जाहिर है कि भारतीय कंपनियां सतर्क हैं और मुकाबले के लिए तैयार भी। स्थानीय कंपनियों को भारत सरकार के नियमों और नीतियों का बेहतर अनुभव है, जबकि स्टारलिंक को अभी कई चरणों से गुजरना होगा – स्पेक्ट्रम परीक्षण, लाइसेंस विस्तार, और सुरक्षा अनुमतियाँ। झारखंड, छत्तीसगढ़, लद्दाख, अरुणाचल जैसे राज्यों के दुर्गम इलाकों में जहां आज भी बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल नेटवर्क के इंतज़ार में पेड़ों पर चढ़ते हैं, वहां स्टारलिंक उम्मीद की किरण बन सकता है। बाढ़, भूकंप या अन्य आपदा की स्थिति में जब सामान्य नेटवर्क बंद हो जाते हैं, वहां स्टारलिंक जैसी सैटेलाइट सेवाएं त्वरित कम्युनिकेशन का जरिया बन सकती हैं। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी यह तकनीक विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह दुर्गम और शत्रु-संवेदनशील क्षेत्रों में निर्बाध संचार की सुविधा देती है। एलन मस्क का कहना है कि जैसे-जैसे सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़ेगी, वे सेवा की लागत को घटा देंगे। यदि ऐसा होता है तो आने वाले वर्षों में स्टारलिंक भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम दे सकता है। भारत सरकार भी डिजिटल समावेश (Digital Inclusion) को बढ़ावा देने के लिए नई तकनीकों को सहयोग देने के पक्ष में है। ऐसे में यदि सब कुछ योजना के अनुसार चलता है, तो आने वाले दशक में भारत के हर गांव में आकाश से इंटरनेट उतरता दिखाई दे सकता है। स्टारलिंक भारत के लिए "मेक इन इंडिया" की चुनौती भी है और "डिजिटल इंडिया" का अवसर भी। यह सेवा अगर सस्ती होती है और स्थानीय ज़रूरतों के मुताबिक ढाली जाती है, तो यह न केवल भारत के लाखों गांवों को इंटरनेट से जोड़ सकती है, बल्कि एक नई डिजिटल क्रांति का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। लेकिन फिलहाल यह सेवा आम भारतीय की पहुंच से बाहर है। आने वाला वक्त बताएगा कि स्टारलिंक "इंटरनेट का भविष्य" बनती है या सिर्फ एक चमकता हुआ सपना ही रह जाती है।

**– कुमार कृष्णन**

## भारत में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के तरीके

भारत जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। स्टॉक मार्केट रॉकेट बनकर उड़ रहा है। खबर सुकून वाली है लेकिन बस एक ही आंकड़ा है जो व्यथित करता है, जापान की आबादी 12 करोड़ है हमारी 150 करोड़। हर जापानी साल का 29 लाख रूपये कमा रहा है और हम 2.5 लाख भी नहीं। इसमें ये भी एक फैक्टर है कि जापान के सर्विस सेक्टर में काम करने वालों की डिमांड ज्यादा है जबकि लोग कम हैं। इस वज़ह से जॉब पैकेज अच्छे ही होते हैं लेकिन ये एक्सक्यूज़ तब काम करता ज़ब हमारी भी प्रति व्यक्ति 12 लाख रूपये सलाना के आसपास होती। औसत भारतीय परिवार में चार लोग होते हैं। उनमें से एक कमाता है मान लीजिए कि उसकी सैलरी 60 हजार भी है। घर के खर्चे तो ठीक चल रहे है लेकिन ज़ब प्रति व्यक्ति आय की गणना होंगी तो इसे 15 हजार रूपये महीना ही गिना जाएगा और कुछ पश्चिमी लोग इसे पोवर्टी बोलेंगे। भारत में परिवारों में रहने की परंपरा है। बच्चे नौकरी पर लगते हैं तो चाहते हैं कि पिता अब जॉब छोड़ दे और लाइफ एन्जॉय करें। इन सामाजिक मूल्यों के बीच प्रतिव्यक्ति आय सदा ही चुनौती रहेगी। परिवार का हर व्यक्ति कमाये ये पश्चिम का कॉन्सेप्ट है। इसलिए हम खुद को अपने स्तर पर निखारे। भारत में बड़े राज्यों में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय हरियाणा और गुजरात की है जो 4.5 लाख रूपये के आसपास है। हम प्रयास करते हैं कि अगले 10 सालों में अन्य राज्य भी इस आंकड़े के करीब आ जाए। जाहिर है तब तक गुजरात हरियाणा और आगे भाग चुके होंगे, तब हम उस नंबर का पीछा करेंगे। इस तरह से काम करें तो दूर भविष्य में आर्थिक असमानता का मुद्दा हल हो सकता है। इन आंकड़ों में एक डरा देने वाला तथ्य यह है कि भारत के यदि टॉप 5% उद्योगपति ये देश छोड़ दें तो हमारी प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख के इर्द गिर्द रह जायेगी जो भयावह है क्योंकि ये अफ्रीकी देशों से नीचे हो जायेगी। इसलिए ज़ब कोई नेता पूंजीवाद के विरुद्ध बात करके सामजिक न्याय और समानता का ढ़ोल पीटे तो आप समझ जाइये कि आप किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रोपोगंडा के शिकार हो रहे हैं क्योंकि वोट की राजनीति ने आज तक किसी को न्याय नहीं दिलाया है। दूसरा डर जो मन में होना चाहिए वह ये कि समाज नशे से जितना दूर हो, उतना ठीक। शराब का चलन आज भी कायम है। ये जहर है। 40-45 की आयु तक लोगों के लीवर गल रहे हैं। ज़ब इस आयु का व्यक्ति मरता है तो वो परिवार को नहीं, देश को भी नुकसान देकर जा रहा है। इस आयु में समाज आशा करता है कि वह अब रिटर्न में समाज को कुछ देगा फिर चाहे वो नई तकनीक हो, नया व्यापार हो, नया आविष्कार हो या नया विचार हो। लेकिन शराब यहाँ आतंकवादी से कम किरदार नहीं निभाती। तीसरी आवश्यक बात है कि महिलाओं को आगे आने दें। क्योंकि वे जनसंख्या में आधी हैं। इतिहास गवाह है रानी कैकयी युद्ध में अपने पति दशरथ की सारथी बनी है। राज दरबारों में महिलाओं ने शास्थार्थ में पुरुषों को मात दी है।

**– शिवानन्द मिश्रा**

आज का कार्टून | साभार




## बिगड़ी छवि को पुन: बहाल करेंगे यूआर साहू!

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज्य सरकार की सिफारिश पर आईपीएस उत्कल रंजन साहू (यूआर साहू) को राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। आयोग का अध्यक्ष बनने के लिए साहू ने पिछले दिनों ही राज्य के पुलिस महानिदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया था। अब राज्य सरकार के निर्देश मिलते ही साहू अजमेर आकर आयोग के अध्यक्ष का पद संभाल लेंगे। राज्यपाल के नियुक्ति आदेश के बाद यूआर साहू ने कहा कि उनके लिए यह सम्मान की बात है कि सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि आयोग में पूर्व में हुई गड़बडिय़ों पर वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते लेकिन इतना जरूर कहना चाहते हैं कि पिछले डेढ़ वर्ष में (भाजपा शासन) आयोग में सराहनीय कार्य हुआ है। इस डेढ़ वर्ष की अवधि में किसी भी परीक्षा का न तो प्रश्न पत्र लीक हुआ और न ही परीक्षा में गड़बड़ी का कोई समाचार सामने आया जबकि इससे पूर्व में जो गड़बडिय़ां हुई उनकी जांच एसआईटी ने की है। उन्होंने माना कि एसआईटी की जांच डीजीपी के तौर पर उन्हीं के दिशा निर्देश पर हुई थी। एसआईटी ने जांच का काम बखूबी किया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि आयोग में परीक्षाएं नियमित तिथियों पर हों और परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे, जो युवा परीक्षा देता है वह यह भी उम्मीद करता है कि ईमानदारी से चयन प्रक्रिया हो। श्री साहू के अनुसार ''मेरा प्रयास होगा कि परीक्षार्थियों का भरोसा आयोग पर बना रहे। जहां तक जनता में मेरी ईमानदार छवि का सवाल है तो जनता ने मुझे डीजीपी और अन्य पदों पर काम करते हुए देखा है।'' यहां यह उल्लेखनीय है कि यूआर साहू की नियुक्ति ऐसे समय में हुई जब आयोग बदनामी के दौर से गुजर रहा है। बाबूलाल कटारा जैसे सदस्य को प्रश्न पत्र बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो पूर्व सदस्य रामूराम राईका पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। आयोग में पिछले दस माह से अध्यक्ष का पद रिक्त पड़ा था जिसकी वजह से आयोग का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। आयोग में मौजूदा समय में पांच सदस्य हैं। अध्यक्ष का काम केसी मीणा संभाल रहे थे लेकिन स्थाई अध्यक्ष न होने के कारण इंटरव्यू प्रक्रिया में भी विलंब हो रहा था। उम्मीद है कि एक दो दिन में ही यूआर साहू आयोग के अध्यक्ष का पद संभाल लेंगे। आरपीएससी में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने पर कांग्रेस ने कई बार भाजपा सरकार पर सवाल उठाए थे। एक दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि भाजपा सरकार युवाओं के साथ छलावा कर रही है। गहलोत ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार आरपीएससी में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं कर पा रही है। अध्यक्ष के नहीं होने से भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा करने में समय लग रहा है। इन दिनों आरपीएससी में आरएएस भर्ती 2023 के इंटरव्यू भी चल रहे हैं। आरएएस भर्ती 2024 की मुख्य परीक्षा सहित कई भर्ती परीक्षाएं भी आगामी दिनों में होने वाली है। आरपीएससी के नए चेयरमैन यूआर साहू ओडिशा के रहने वाले हैं। वे राजस्थान के सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी होने के साथ पुलिस महानिदेशक भी हैं। राज्य सरकार की सिफारिश के बाद राज्यपाल महोदय ने साहू की नियुक्ति आरपीएससी के अध्यक्ष पद पर की है। अब पुलिस महानिदेशक के पद से त्याग पत्र देकर वे आरपीएससी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। साहू फरवरी 2024 में राजस्थान पुलिस के महानिदेशक बने थे। भाजपा की सरकार बनने के बाद उमेश मिश्रा द्वारा वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) लेने के बाद यूआर साहू डीजीपी बने थे। उत्कल रंजन साहू वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अफसर हैं। 61 वर्षीय साहू की गिनती प्रदेश के ईमानदार अफसरों में रही है। इसी वजह से राज्य सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। राजस्थान में प्रशासनिक पदों पर अफसरों की भर्ती करने का जिम्मा राजस्थान लोक सेवा आयोग के पास है। ऐसे में योग्य अफसरों का चयन करना आरपीएससी की जिम्मेदारी है। पिछले कुछ वर्षों से आरपीएससी की छवि काफी धूमिल हुई क्योंकि आरपीएससी के सदस्यों द्वारा ही प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर बेचे जाने के आरोप लगे। पूर्व सदस्यों की गिरफ्तारियां भी हुई। अब साहू की जिम्मेदारी है कि वे आरपीएससी की छवि में सकारात्मक सुधार लाए।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# तलवार से 78 किलो का केक काट लालू यादव ने मनाया जन्मदिन

● जश्न में डूबे RJD समर्थक

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का 78वां जन्मदिन मनाया जा रहा है। बुधवार की सुबह से ही उनके पटना स्थित आवास दस सर्कुलर रोड में शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। लालू यादव ने अपने समर्थकों के बीच तलवाल से लड्डू केक भी काटा है। इधर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं और आम समर्थकों ने लालू यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। जन्मदिन के अवसर पर राजद कार्यकर्ता पारंपरिक अंदाज़ में ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ लालू आवास पहुंचे। मिठाइयों की टोकरी और ट्रे पर लालू यादव की फोटो लगी पैकिंग ने खास ध्यान खींचा।

कई कार्यकर्ता ट्रॉली पर मिठाई, खाजा, रसगुल्ले और लड्डू लेकर आए। कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद को 78 किलो का लड्डू केक भी भेंट किया। लालू प्रसाद यादव ने तलवार से यह लड्डू केक काटा। लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन सेलिब्रेशन के दौरान वहां लालू के समर्थन में नारे भी लगाए गए। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने लालू आवास के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने आवास के पास विशेष डायवर्जन भी लागू किया ताकि आम जनता को असुविधा न हो।



### राहुल गांधी ने दी बधाई

लालू प्रसाद यादव के आवास के बाहर भी उनके समर्थकों का हुजूम नजर आया। लालू प्रसाद यादव के समर्थक इस मौके पर झूमते-नाचते नजर आ रहे थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया एक्स पर लिखे पोस्ट में उन्होंने कहा है कि हमारे बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा। यह एक गहरा मानवीय जुड़ाव रहा है, जो समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है।

### नहीं नजर आए तेज प्रताप यादव

लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव नजर नहीं आए। दरअसल हाल ही में पिता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से छह साल के लिए निकाल दिया है। हालांकि, लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन से एक दिन पहले तेज प्रताप यादव ने अपने पिता की एक तस्वीर अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए तेज प्रताप यादव ने लिखा था, '"अंधेरा जितना गहरा होगा, सुबह उतनी ही नजदीक होगी।"दरअसल तेज प्रताप यादव की कुछ दिनों पहले एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें वो एक युवती अनुष्का यादव के साथ नजर आए थे। तेज प्रताप यादव ने बताया था कि वो अनुष्का यादव के साथ 12 साल से रिलेशनशिप में है। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद पिता लालू प्रसाद यादव ने कड़ा ऐक्शन लेते हुए अपने बड़े बेटे को परिवार और पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। अभी कुछ दिनों पहले ही पार्टी और परिवार से निकाले गए तेज प्रताप यादव ने भी अपने पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को जन्मदिन की बधाई दी है। वीडियो कॉल कर तेज प्रताप यादव ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही लालू प्रसाद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वृंदावन में केक काटने की बात कही। हालांकि, इस वीडियो कॉल में लालू प्रसाद की आवाज स्पष्ट सुनाई नहीं दे रही है।

# पटना में नीचे मेट्रो और ऊपर में 2 फ्लाईओवर

■ CM ने डबल-डेकर पुल का किया लोकार्पण
■ जाम की समस्या से मिलेगी मुक्ति





**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार में पटना के लोगों के लिए 11 जून 2025 का दिन यादगार बन गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के पहले डबल-डेकर पुल का उद्घाटन किया। यह पुल अशोक राजपथ पर ट्रैफिक कम करेगा। पटना मेट्रो प्रोजेक्ट और जेपी गंगा पथ से जुड़ने के बाद शहर का ट्रैफिक सिस्टम बेहतर होगा। इस मौके पर कई मंत्री और बड़े अधिकारी मौजूद थे। यह पुल ट्रैफिक की समस्या को कम करने और शहर को नई पहचान देने में मदद करेगा। अशोक राजपथ पर अब तीन तरह से ट्रैफिक चलेगा। इसमें डबल-डेकर पुल का निचला हिस्सा (टियर-1), ऊपरी हिस्सा (टियर-2) और सड़क शामिल हैं। टियर-1 पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज के बीच 1.45 किलोमीटर लंबा है।

### सीएम बोले-शहर को नई पहचान मिलेगी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पुल सिर्फ एक ट्रैफिक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह शहर की नई पहचान बनेगा। यह तकनीक, प्रबंधन और सौंदर्य का संगम है। आने वाले समय में यह बिहार के दूसरे शहरों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। यह टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट और सुंदरता का मिश्रण है।

# मोदी कैबिनेट में उपेंद्र कुशवाहा की एंट्री पक्की!

### सिग्रीवाल, रूडी, राधा मोहन में एक की लग सकती है लॉटरी



**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

विस्तारवाद की नीति के साथ चल रही भारतीय जनता पार्टी (BJP) इन दिनों पश्चिम बंगाल और बिहार जीतने की जुगत में सामाजिक समीकरण दुरुस्त करने में लगी है। फिलहाल बिहार अभी प्राथमिकता में है। भाजपा के अंदरखाने की बात करें तो बिहार की सियासी समीकरण को जीत की राह पर उतारने की रणनीति पर काम हो रहा है। कहा जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में इस बार बिहार को प्राथमिकता मिलने जा रही है।

सूत्र बताते हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए एनडीए नीत रणनीतिकार केंद्रीय मंत्रिमंडल में इसी महीने विस्तार कर सकती है। सूत्र का कहना है कि इस विस्तार में बिहार से पहला नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा का तय माना जा रहा है। राज्य में जातीय समीकरण को दुरुस्त करने में भाजपा लगी हुई है।बीजेपी की प्रयोरिटी में कुशवाहा वोट हैं। पिछले कुछ चुनाव से कुशवाहा वोट पर आरजेडी सेंधमारी कर चुकी है। गत लोकसभा चुनाव में खासकर कुशवाहा वोट के डिवीजन ने बीजेपी से काफी कुछ छीन गया। खासकर शाहाबाद की चारो लोकसभा सीटें महागठबंधन के पास चली गई। बिहार का अभेद्य चितौड़गढ़ का किला औरंगाबाद लोकसभा सीट पर राजद का कब्जा हो गया।

राजद के कुशवाहा उम्मीदवार अभय कुशवाहा ने भाजपा के सुशील सिंह को हरा दिया। साथ ही इसका आरा, बक्सर और सासाराम लोकसभा सीट पर भी दिखा और यहां भी एनडीए प्रत्याशी की हार हुई। इसलिए कुशवाहा वोट पर राजद के अधिपत्य को समाप्त करने के लिए पीएम मोदी की कैबिनेट में उपेंद्र कुशवाहा को जगह मिलना तय माना जा रहा है। बीजेपी कुशवाहा वोट पर दावेदारी के लिए सम्राट चौधरी को पहले ही उप मुख्यमंत्री का पद सौंप चुकी है।

# वैशाली में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने 4 लोगों को कुचला

### एक की मौके पर मौत, नाराज लोगों ने गाड़ी में लगाई आग

**महानगर नेटवर्क**
**वैशाली**

बिहार में वैशाली जिले के सहदेई में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कहर बरपाया। रामगंज इलाके में स्कार्पियो ने चार लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गुस्साए लोगों ने स्कार्पियो में आग लगा दी। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने स्कार्पियो के ड्राइवर को पकड़ लिया। लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद लोगों ने स्कार्पियो को तोड़ दिया और उसमें आग लगा दी। स्कार्पियो धू-धू कर जलती रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कार्पियो बहुत तेज रफ्तार में थी। ड्राइवर नशे में लग रहा था। उसने पहले सहदेई बाजार के महावीर चौक पर एक पोल में टक्कर मारी। वहां बर्तन धो रहे राकेश कुमार साह के बेटे धीरू कुमार बाल-बाल बच गए। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। इसके बाद ड्राइवर ने रेलवे ढाला पार करते हुए रामगंज की ओर गाड़ी चलाई।



### भीड़ ने स्कार्पियो को स्टेडियम में लेकर आग के हवाले किया

गुस्साए लोगों ने स्कार्पियो को स्टेडियम में ले जाकर आग के हवाले कर दिया। दमकल की टीम को पहुंचने में देर हो गई। स्कार्पियो घंटों तक जलती रही. घटनास्थल के पास सैकड़ों घर हैं। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो बिहजादी निवासी बिरजू गिरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

# पटना में लगातार तीसरे तीन भी मर्डर

**पटना।** लगता में बिहार की राजधानी पटना में अपराधी मर्डर और खून-खराबे का रिकॉर्ड बनाने पर उतारू हो गए हैं। पटना में लगातार तीसरे दिन भी मर्डर हुआ है।पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के मैनपुरा में देर रात अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी है। इलाज के दौरान घायल एक की मौत हो गई है। दूसरे का पीएमसीएच में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक जिन दो युवकों को गोली मारी गई है उनका भी आपराधिक इतिहास है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापे मार रही है।

इस गोलीबारी में जिस शख्स की मौत हुई है उसका नाम राजा बताया जा रहा है। राजा सुरक्षा गार्ड का काम करता था। बताया जा रहा है कि वो मच्छर मारने की अगरबत्ती लेने के लिए बाहर गया था।

# ऐ चाची सरकार से दो लाख दिलाऊंगा!

■ झांसे में दे दिया आधार-सिम
■ फिर महादलित महिलाओं के बैंक खाते खाली

**बांका।** जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र स्थित खेमिचक मोहल्ले की लगभग 12 महादलित महिलाएं बड़ी साइबर ठगी का शिकार हुई हैं। इन महिलाओं ने मंगलवार की रात अमरपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। आरोपी युवक दिवेश कुमार मंडल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़ितों ने बताया कि दिवेश ने खुद को सरकारी योजना से जुड़ा बताया और कहा कि सरकार दो लाख का लोन दे रही है, जिसमें एक लाख माफ हो जाएगा। इस झांसे में आकर महिलाओं ने अपने आधार कार्ड, जरूरी कागजात, सिम कार्ड, एटीएम और पासबुक तक उसके हवाले कर दिए। कुछ दिन बाद केनरा बैंक के कर्मचारियों ने महिलाओं को बताया कि उनके खातों में साइबर फ्रॉड के जरिए पैसा ट्रांसफर हुआ है। इसके बाद सभी खातों को होल्ड कर दिया गया।



# लव अफेयर के चक्कर में घर में घुसकर युवक की हत्या

**मधुबनी।** बिहार में लव अफेयर के चक्कर में एक युवक की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या के बाद से इलाके में तनाव है और पुलिस बल को तैनात किया गया है। वारदात मधुबनी जिले की है। यहां बासोपट्टी थाना के मझौरा नया टोला में शराब के नशे में प्रेम प्रसंग को लेकर हुई मारपीट में एक 35 वर्षीय युवक की मौत इलाज के दौरान ले जाते समय रास्ते में हो गई। इस मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी हैं। जिसमें एक कि हालत गंभीर बताई गयी है। उन्हें इलाज के लिए दरभंगा भेजा गया है।

# 800 KM दूर से बिहार आया बीवी खरीदने

● फेरे के बाद दुल्हन गई टॉयलेट
● फिर समझ आया-'लुट गयो रे'ऐलान

**महानगर नेटवर्क**
**रोहतास**

सोनम रघुवंशी और राजा रघुवंशी का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है कि बिहार के सासाराम में एक भगोड़ी दुल्हन की खबर सामने आई है। जहां मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के कैलासर का रहने वाला मोनू राज शिवहरे दलाल के जरिए ढाई लाख रुपये देकर रोहतास जिले के तिलौथू की काजल कुमारी से शादी रचाने पहुंचा। सासाराम के धर्मशाला मोड़ पर स्थित एक धर्मशाला में फर्जी पंडित ने मोनू राज की धर्मशाला के कमरे में ही शादी कर दी। शादी के बाद टॉयलेट जाने के बहाने नई नवेली दुल्हन फरार हो गई। बाद में कथित रूप से पता चला कि लड़की के फर्जी चाचा, फर्जी बहन, फर्जी मामा भी ढाई लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इसके बाद रोता-गाता हुआ दूल्हा सासाराम के नगर थाना फरियाद लेकर पहुंचा। इस पूरे प्रकरण में सासाराम के तकिया मोहल्ले में किराए के मकान में रह रही पिंकी देवी की भूमिका महत्वपूर्ण है।



# 'बाइक नहीं दे सकते? किडनी दे दो'

### मुजफ्फरपुर में महिला से ससुराल वालों ने मांगा अंगदान वाला दहेज

**महानगर नेटवर्क**
**मुजफ्फरपुर**

बिहार के मुजफ्फरपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विवाहित महिला पर दहेज के रूप में किडनी देने का दबाव बनाया गया। महिला दीप्ति का दावा है कि पहले उसके ससुराल वालों ने दहेज में पैसे और मोटरसाइकिल की मांग की थी। जब वह उनकी मांग पूरी नहीं कर पाई, तो वे उस पर अपने पति को किडनी देने का दबाव बनाने लगे। वह फिलहाल अपने माता-पिता के साथ रह रही है और महिला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, दीप्ति ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि शादी के शुरुआती महीने तो सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ ही समय बाद उसके ससुराल वालों का व्यवहार काफी बदल गया। आरोप है कि वे उस पर अपने मायके से पैसे और बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और गाली-गलौज की गई। दीप्ति ने आरोप लगाया कि शादी के करीब दो साल बाद उसे पता चला कि उसके पति की एक किडनी खराब हो गई है।



### थाने में शिकायत दर्ज

मायके लौटने के बाद दीप्ति ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके बाद दीप्ति ने अपने पति से तलाक मांगा, जिसे उसने देने से इनकार कर दिया। मामले की जांच जारी है।

## व्यापार

# भारत में ग्रीन हाइड्रोजन होगा 40 प्रतिशत सस्ता

### सरकार की नीतियों से लागत में बड़ी गिरावट की संभावना

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत में 40 प्रतिशत तक गिरावट आने की संभावना है। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य रखने वाले भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत कम हो सकती है। यह गिरावट सरकार के समर्थन से होगा। ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की औसत लागत धीरे-धीरे गिरकर 260 से 310 प्रति किलोग्राम के बीच आ सकती है, यानी लगभग 3 से 3.75 डॉलर प्रति किलोग्राम।

भारत हाइड्रोजन निर्माताओं को सस्ती अक्षय बिजली प्रदान करते आ रहा है, ओपन एक्सेस के लिए किया है और वितरण और ट्रांसमिशन शुल्क कम किया गया है। साथ ही, हाइड्रोजन के लिए जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इसके अलावा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इलेक्ट्रोलाइजर निर्माताओं के कुल सिस्टम लागत में 7 से 10 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इलेक्ट्रोलाइजर एक ऐसा उपकरण है जो बिजली का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही हरित हाइड्रोजन योजना भारत के दीर्घकालिक निवेश और परियोजना को बढ़ावा देने के लिए इसमें सुधार की जरूरत है। इसमें कहा गया कि भारत में हरित हाइड्रोजन मिशन को उद्योग जगत ने उत्साह के साथ अपनाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में स्टार्टअप को आकर्षित करने और वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आपूर्ति श्रृंखला बनाने और मांग को सुरक्षित करने की योजना को बेहतर बनाना होगा। अगर यह सफल रहा, तो यह कृषि, परिवहन और विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों के लिए लाभ पहुंचाएगा। साथ ही, भारत के हरित हाइड्रोजन उद्योग को बनाने में मदद कर सकता है।

भारत ने जनवरी 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया। इसकी शुरुआत 19,744 के कुल परिव्यय के साथ हुई।



# 13 जून को खुलेगा ओसवाल पंप्स लिमिटेड का आईपीओ

**मुंबई।** सोलर पंप बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स लिमिटेड का पहला इनिशियल पब्लिक ऑफर 13 जून को खुलेगा और 17 जून को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 24 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 24 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ 890 करोड़ रुपये तक के फ्रेश इश्यू और विवेक गुप्ता द्वारा 81,00,000 इक्विटी शेयरों के ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। IPO से जुटाए गए पैसे में से 89.86 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी के कुछ पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाएगा। 272.76 करोड़ रुपए इक्विटी के रूप में अपनी सब्सिडियरी कंपनी ओसवाल सोलर में निवेश करेगी, जो हरियाणा के करनाल में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बनाएगी।

# जी स्क्वायर ग्रुप ने की 714 एकड़ टाउनशिप परियोजना की घोषणा

**कोयंबटूर।** चेन्नई स्थित रियल एस्टेट डेवलपर जी स्क्वायर ग्रुप ने कोयंबटूर में राकिंडो से लगभग 1,000 करोड़ में 714 एकड़ की परियोजना हासिल की है, और एक विशाल टाउनशिप परियोजना जी स्क्वायर सेवन हिल्स के शुभारंभ की घोषणा की है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अधिग्रहण कोयंबटूर को एक प्रमुख रियल एस्टेट गंतव्य में बदलने वाले प्रमुख निवेशों की श्रृंखला में नवीनतम है। कोवई हिल्स परियोजना, जिसे अब जी स्क्वायर सेवन हिल्स के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया है, 714 एकड़ में फैली हुई है, जिसमें चरण 1 में 406 एकड़ शामिल है और इसमें 3,127 DTCP और RERA-स्वीकृत प्रीमियम प्लॉट हैं। शेष 308 एकड़ को सिग्नेचर विला और अपार्टमेंट डेवलपर्स के साथ संयुक्त उपक्रमों के लिए नामित किया गया है, जिसमें वाणिज्यिक पट्टे और व्यावसायिक पार्क, मॉल और मल्टीप्लेक्स सहित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए उपयुक्त बनाया गया है। जी स्क्वायर ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बाला रमाजेयं ने कहा कि यह टाउनशिप परियोजना एक ऐसे शहर में विकास की अपार संभावनाओं और प्लॉट्स की मजबूत मांग को देखते हुए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा, जी स्क्वायर ग्रुप इस 714 एकड़ की टाउनशिप में वाणिज्यिक और आवासीय विकास हेतु बड़े जॉइंट वेंचर भागीदारों के साथ सहयोग के लिए भी तैयार है।




# रेनालिक्स ने लॉन्च की स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन

**मुंबई।** किडनी (रेनल) केयर सेक्टर की देश की अग्रणी प्रौद्योगिकीय नवाचार (टेक्नोलॉजी इनोवेशन) कंपनी रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने दुनिया की पहली पूरी तरह से स्वदेशी, एआई आधारित और क्लाउड सक्षम हीमोडायलिसिस मशीन रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 (RxT 21) लॉन्च की है. इस मशीन के जरिए कहीं से रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकती है. इसके साथ ही यह क्लीनिकल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं से भी लैस है. 6.70 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ आयातित मशीनों की तुलना में काफी कम मूल्य पर उपलब्ध रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 डायलिसिस सुविधा को बड़ी आबादी के लिए किफायती और सुलभ बनाने के साथ-साथ शहरी, अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) और ग्रामीण इलाकों में मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाट देगी.आरएक्सटी 21 के लॉन्च को लेकर रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स के संस्थापक (फाउंडर) और निदेशक (डायरेक्टर) डॉक्टर श्याम वासुदेव राय ने कहा, "हमारी अत्याधुनिक हेमोडायलिसिस मशीन डायलिसिस सुविधा को सस्ती और सुलभ बनाकर किडनी केयर (रेनल केयर) के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी.

# लुपिन फाउंडेशन ने शुरू की मोबाइल मेडिकल वैन

LUPIN Human Welfare & Research FOUNDATION

**पालघर।** लुपिन की सीएसआर शाखा, लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन (लुपिन फाउंडेशन) ने महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पालघर जिले में तीसरी मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) शुरू कर दी है। इस वैन की शुरुआत 'लाइव्स' कार्यक्रम के तहत की गई है। यह मोबाइल मेडिकल वैन गोरहे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेघना साकोरे-बोरदिकर, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री, महाराष्ट्र सरकार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। इस अवसर पर पालघर से सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सवरा, विक्रमगढ़ व वाडा से विधायक हरीचंद्र भोये, पालघर विधायक राजेंद्र गावित, जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज राणाडे, अतिरिक्त कलेक्टर भाऊसाहेब फटांगरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, गोरहे की सरपंच अर्चना गोवारी, लुपिन और फाउंडेशन की सीएसआर प्रमुख तुषारा शंकर और लुपिन तारापुर के साइट हेड आकाश पटेल भी उपस्थित रहे।



# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता और विदेशी पूंजी प्रवाह के बढ़ने से वैश्विक बाजारों में आई तेजी का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123.42 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़कर 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 391.79 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 82,783.5 अंक पर पहुंचा।

# 11 वर्षों में इथेनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत की इथेनॉल उत्पादन क्षमता में 11 वर्षों में चार गुना से अधिक वृद्धि हुई है। खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की अनुकूल नीतिगत पहलों की मदद से इसका उत्पादन 1,810 करोड़ लीटर सालाना हो गया है। इसके अलावा पेट्रोल और इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.53 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 19 प्रतिशत हो गया है। इससे विदेशी मुद्रा में 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। साथ ही गन्ना और खाद्यान्न किसानों को भी लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि 2013 तक देश में इथेनॉल डिस्टिलेशन क्षमता केवल 421 करोड़ लीटर थी। इथेनॉल डिस्टिलेशन का मतलब है इथेनॉल को पानी से अलग करना। अधिकारी ने कहा कि 2013 तक तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को इथेनॉल की स्पलाई केवल 38 करोड़ लीटर थी।



# छह टेलीकॉम सर्किलों में जूम फोन की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जूम कम्युनिकेशंस, इंक. ने भारत में चार प्रमुख मेट्रो टेलीकॉम सर्किलों - मुंबई, दिल्ली एनसीआर, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अपनी उद्योग-अग्रणी जूम फ़ोन सेवा के और विस्तार की घोषणा की। दिल्ली एनसीआर टेलीकॉम सर्किल में केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद, नोएडा और गुड़गांव शामिल हैं। दूरसंचार विभाग भारत द्वारा लाइसेंस प्राप्त, जूम फ़ोन अब भारत में छह टेलीकॉम सर्किलों में उपलब्ध है, जिसमें महाराष्ट्र और तमिलनाडु टेलीकॉम सर्किल शामिल हैं, जिससे देश के प्रमुख व्यवसाय और प्रौद्योगिकी केंद्र शामिल हो गए हैं। जूम ने भारत भर में अतिरिक्त टेलीकॉम सर्किलों में जूम फ़ोन लाने की भी योजना बनाई है, जिससे भारत के प्रमुख राज्यों में अधिक संगठनों को AI-प्रथम आधुनिक टेलीफ़ोनी उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता में तेज़ी आएगी। जूम के उत्पाद और इंजीनियरिंग के अध्यक्ष वेलचामी शंकरलिंगम ने कहा कि जूम फ़ोन वितरित कार्यबल के लिए सरलता और आधुनिक कार्यक्षमता प्रदान करके क्लाउड टेलीफ़ोनी की बढ़ती मांग को संबोधित करता है।




### जूम ने भारत में लांच किया जूम संपर्क केंद्र

जूम ने भारत में ज़ूम कॉन्टैक्ट सेंटर के लॉन्च की घोषणा की, जो वीडियो के लिए अनुकूलित एक आधुनिक, AI-प्रथम, ऑम्नीचैनल कॉन्टैक्ट-सेंटर-एज़-ए-सर्विस समाधान प्रदान करता है। इस अवसर पर जूम में उत्पाद और इंजीनियरिंग के अध्यक्ष वेलचामी शंकरलिंगम ने कहा कि जूम संपर्क केंद्र भारत में उद्योगों में स्थानीय व्यवसायों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को एक लचीले, एआई-प्रथम ऑम्नीचैनल समाधान के माध्यम से ग्राहक जुड़ाव बढ़ाने में सक्षम और सक्षम बनाएगा।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# दिव्य संतों ने समाज को एकता की राह दिखाई : सीएम योगी




**महानगर संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित संत समागम एवं सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंच से कैराना और कांधला में हिन्दुओं के पलायन की घटनाओं का जिक्र करते हुए बड़ा बयान दिया। सीएम योगी ने इस दौरान 'बंटेंगे तो कटेंगे' को आगे बढ़ाते हुए एकता का संदेश दिया और कहा कि हमारे साधु-संतों ने समाज को एकता की राह दिखाई है जो अब कैराना और कांधला जैसी घटनाओं को नहीं होने देता है और हमें हर तरह की परिस्थितियों में लड़ने की प्रेरणा देता है। सीएम के इस बयान को अखिलेश के पीडीए की काट के तौर पर भी देखा जा रहा है। आने वाले दिनों में सीएम इस आवाज को और बुलंद करते दिखाई दे सकते हैं।

### योगी ने दिया एकता का संदेश

सीएम योगी ने संत शिरोमणि गुरू रविदास का जिक्र करते हुए कहा कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने से पहले संत गुरुरविदास की पावन जन्मभूमि काशी में आश्रम तक जाने का रास्ता बेहद संकरा था, वहां तक सिंगल रोड जाती थी लेकिन आज हमारी सरकार आने के बाद उसे चार लेन की सड़क से जोड़ दिया गया है। आश्रम को भव्य रूप दे दिया है और भव्य प्रतिमा स्थापना की है। सीएम योगी ने उनका जिक्र करते हुए कहा कहा कि इन दिव्य संतों ने समाज को एक राह दिखाई है और ये राह एकता की राह है। समाज को जोड़ने की राह है। वो राह जो कोई कैराना और कांधला की घटना नहीं होने देती है। ये वहीं राह है जो हमें सुरक्षा और सरंक्षण की गारंटी देती है हमारे उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करती है और सम और विषम परिस्थितियों में लड़ने से प्रेरणा देती है. यही तो कार्य संत गुरु रविदास महाराज की प्रेरणा को आगे बढ़ाने का काम स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी ने किया है. ये तीर्थ भारत की सनातन परंपरा का तीर्थ स्थल है. आज से नहीं ये भागवत भूमि है. पांच हजार साल वर्ष पहले सुखदेव महाराज ने राजा परिक्षित को पहली भागवत कथा सुनाकर जीवन में भक्ति, ज्ञान और मुक्ति का क्या महत्व हो सकता है।

# मेधावी छात्रों को मेडल से सम्मानित करेंगे सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार 12 जून को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉप विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति और प्रतिभाओं को पहचान दिलाने की इस अभिनव पहल को योगी सरकार की छात्र-केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण माना जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र के अनुसार, राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कुल 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा 1 लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक को भी आमंत्रित किया गया है। योगी सरकार की यह पहल न सिर्फ छात्रों की मेहनत को मान देती है, बल्कि अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। इसी दिन दोपहर बाद सभी 75 जनपदों में भी जनपद स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों या जिलाधिकारियों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावियों के सम्मान समारोह एवं टैबलेट वितरण के साथ ही सम्मानित किया जाएगा।

# यूपी : ईको गार्डेन में जुटेंगे प्रदेश भर के शिक्षामित्र

## अब आर-पार की लड़ाई की दी चेतावनी

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

स्थायी किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को ईको गार्डेन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से टीईटी पास शिक्षा मित्रों का हुजूम जुटेगा। बीते 15 दिनों से धरना दे रहे शिक्षा मित्रों ने शासन की उदासीनता के चलते आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। उन्होंने शिक्षा मित्रों से धरने में शामिल होने का आह्वान किया है। शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति के बैनर तले 27 मई से टीईटी पास शिक्षा मित्र ईको गार्डेन में धरना दे रहे हैं। समिति के प्रदेश अध्यक्ष गुडडू सिंह ने कहा कि तपती धूप में धरना देने के बावजूद शासन शिक्षा मित्रों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अब समर कैंप संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से टीईटी पास शिक्षा मित्रों से राजधानी में जुटने का आह्वान किया गया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में जिले के अंदर परस्पर तबादला पाने वाले 9272 शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया मंगलवार से




शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा परिषद ने तबादला पाने वाले शिक्षकों को 15 जून तक कार्यभार व कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि शिक्षकों ने आपसी सहमति के आधार पर तबादले का लाभ लिया है। ऐसे में बीएसए उनके अभिलेखों, विषय, काडर, पदनाम का परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। नियमित रूप से कार्यरत शिक्षक व शिक्षिका को ही कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। जिन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही चल रही है, उसके समाप्त होने के बाद कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

# एआई की मदद से हाईटेक होगी राम नगरी की सुरक्षा

## संदिग्ध का स्केच डालते ही लोकेशन बताएगा सॉफ्टवेयर

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था अब एआई सॉल्यूशंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये हाईटेक की जाएगी। इसके तहत अयोध्या में विभिन्न माध्यमों में लगे 10 हजार सीसीटीवी कैमरे एक सॉफ्टवेयर से जोड़े जाएंगे। इसकी मदद से पल भर में ही किसी भी संदिग्ध की गर्दन तक पुलिस पहुंच सकेगी। राम मंदिर/ बाबरी मस्जिद विवाद की शुरुआत होने के समय से ही अयोध्या अति संवेदनशील रही है। राम की नगरी समय-समय पर आतंकी संगठनों के निशाने पर भी रही है।



500 वर्ष के विवाद के पटाक्षेप के बावजूद बीच-बीच में आतंकी हमले व अन्य गतिविधियों को लेकर धमकियां मिलती रहती हैं। पांच जुलाई 2005 को राम मंदिर पर फिदाईन हमला भी हो चुका है। इसके अलावा जिले में हर समय रामलला के दर्शन पूजन के लिए वीआईपी दौरे भी होते रहते हैं। इस लिहाज से भी सुरक्षा तंत्र मजबूत किया गया है। अब इसमें तकनीक का अधिक उपयोग करने की योजना है। इसके लिए पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग करेगी। अयोध्या के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस तकनीक से फेस रिकॉग्नाइज आसानी से हो सकेगा।


### काशी में केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस भारत का चश्मा लगाए पाकिस्तान की भाषा बोलती है

**महानगर संवाददाता**
**वाराणसी**

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने कहा कि महाकुंभ ऐतिहासिक है, एक दुखद घटना का हमे खेद है, जिन परिवारों ने अपनो को खोया है, उनके प्रति हमारी संवेदना है, पीएम सीएम दुख जता चुके हैं।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने काशी में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि डिफेंस सेक्टर में हमारा 30 गुना निर्यात बढ़ा है। अब हम सिर्फ हथियार खरीदते नहीं हैं, बेचते भी हैं। वो युग समाप्त हो गया है, जब योजनाओं के नाम पर लोगों की तिजोरी भरी जाती थी। अब यह सच्चा रामराज्य है। कहा कि यह नहीं हो पाएगा, यह नहीं हो सकता है, अब हम इससे बाहर निकल चुके हैं।




अब सब हो सकता है, मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता का माहौल है। कहा कि मैं प्रयागराज का रहने वाला हूं, बचपन से काशी देखी है। यहां जो विकास हुआ है, पीएम मोदी ने असंभव को संभव कर दिखाया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि बयानवीरता में अजय राय का कोई जवाब नहीं है।

अजय राय सदन आ नहीं सकते हैं, वह अपने नेता राहुल गांधी को बता दें। सवाल तैयार करें, कांग्रेस ऑपरेशन पर जवाब देने को तैयार है। कांग्रेस भारत का चश्मा लगाए पाकिस्तान की भाषा बोलती है।

# नोएडा में फर्जी बैंक अधिकारी बनकर 77 लाख रुपये की ठगी

**महानगर संवाददाता**
**नोएडा**

उत्तर प्रदेश के नोएडा में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर शातिर तरीके से एक शख्स को लाखों रुपयों का चूना लगा दिया। नोएडा के साइबर क्राइम थाने में दर्ज एक रिपोर्ट के अनुसार, जालसाजों ने खुद को बैंक और ट्रेडिंग कंपनी का अधिकारी बताकर मुनाफे को लालच देकर अलग-अलग अकाउंट में पैसे मंगाए और 77,76,000 रुपये की ठगी कर ली. पीड़ित को जब मुनाफा नहीं दिखा तो उन्हें शक हुआ, जिसके बाद इस पूरे मामले का खुलासा। पीड़ित पीयूष कुमार ने इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस को



शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीयूष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने खुद को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक का अधिकारी बताकर उनके साथ संपर्क किया। आरोपियों ने उन्हें शेयर मार्केट में निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर बड़े मुनाफे का लालच दिया। धोखेबाजों ने विश्वसनीयता दिखाने के लिए भाषा और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, जिससे पीड़ित उनके झांसे में आ गया।

### तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शिकायत दर्ज

पीयूष ने बताया कि आरोपियों के कहने पर उन्होंने अलग-अलग ट्रांजेक्शनों के जरिए 77,76,000 रुपये की राशि उनके बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दी। कुछ समय बाद जब उन्हें मुनाफा नहीं मिला और संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं, तब जाकर उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# वायरल वीडियो मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित



**महानगर संवाददाता**
**गोंडा**

वायरल वीडियो मामले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व ने बड़ी कार्रवाई की है। गोंडा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। 25 मई को सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह एक महिला कार्यकर्ता के साथ नजर आए थे। वहीं, कार्रवाई के बाद निष्कासित किए गए भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप खुद कैमरे के सामने आए। कहा कि हमने पहले ही कहा था कि पार्टी का जो भी निर्णय होगा वह हमें मान्य होगा। पार्टी ने एकपक्षीय कार्रवाई की है। पार्टी को इसकी जांच करानी चाहिए। फुटेज जारी करने वालों पर कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कुछ नेताओं का नाम लेते हुए सीसीटीवी फुटेज वायरल करने का आरोप लगाते हुए इन लोगों को भी निष्कासित करने की मांग की है। यह वीडियो 12 अप्रैल की रात का था। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने सामने आकर कहा था कि वायरल वीडियो उनका है। वह पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता को चक्कर आने पर सहारा दे रहे थे। महिला ने भी सामने आकर खुलकर अपनी बात कही थी। उसने जिलाध्यक्ष को अपना भाई बताते हुए गलत तरीके से वीडियो वायरल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच मनकापुर पुलिस कर रही है। इन सबके बीच पार्टी नेतृत्व ने भी जिलाध्यक्ष से जवाब मांगा था। इस पर 28 मई को जिलाध्यक्ष ने अपना जवाब दिया था। बीते सात मई को भाजपा जिला प्रभारी विजय बहादुर पाठक दौरे पर आए थे। उस वक्त पार्टी पदाधिकारियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की थी।

### सपा चीफ के ऑफर पर साक्षी महाराज का बयान

# 'अखिलेश यादव तड़प रहे हैं..'

**महानगर संवाददाता**
**उन्नाव**

भारतीय जनता पार्टी के नेता और उन्नाव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद साक्षी महाराज ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सियासी ऑफर पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पहले परिवार वाद की सरकार चलती थी केंद्र में भी और राज्य में भी अब उनका दर्द यही है जैसे बिना पानी के मछली तड़पती है वैसे ही बिना सत्ता के अखिलेश यादव तड़प रहे हैं।

सांसद ने कहा कि जिस सरकार की चर्चाएं जमीन से लेकर आसमान तक हैं चाहे मामला टोंटी का हो या मामला अयोध्या का हो ऐसी पार्टी के लोगों का उत्तर देना उचित नहीं



समझता। जिस दिन हमारी जनता कहेगी कि हम गलत है उस दिन हम अपनी कार्य प्रणाली पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की जनता मोदी के साथ है, योगी के साथ है, हम 140 करोड़ की जनता के लिए काम कर रहे हैं परिवारवाद के लिए नहीं है। मोदी में ताकत है जिसने परिवारवाद को खत्म कर दिया है।

### 'पीडीए' ही उनका स्वाभाविक और स्थायी पड़ाव

बीते दिनों उन्नाव सांसद ने कहा था कि उमा भारती और कल्याण सिंह के बाद, बीजेपी में लोधी समाज को सम्मान नहीं मिल रहा है। उनके इसी बयान पर सियासी ऑफर देते हुए अखिलेश ने कहा था कि वो जब सच्चे मन से बोलते हैं तो सच ही बोलते हैं। अखिलेश ने साक्षी के बयान के संदर्भ में कहा था कि उनके बयान और भाषण भाजपा को अंतिम चुनौती नहीं हैं बल्कि भविष्य का उद्घोष हैं क्योंकि वो भी जानते हैं कि 'पीडीए' ही उनका स्वाभाविक और स्थायी पड़ाव है, जहाँ हर पीडीए से सच्चा लगाव है।

# रास्ते में खड़े वाहन को हटाने को लेकर पड़ोसियों में मारपीट, गोलीबारी में दो घायल

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के बेनीपुर में मंगलवार की रात रास्ते में खड़ी स्कॉर्पियो (कार) हटाने को लेकर विवाद हो गया। विरोध कर रहे लोगों पर पड़ोसियों ने गोलियां बरसाईं। जिससे दो लोग घायल हो गए। शोर शराबा व फायरिंग की आवाज सुनकर भाई दौड़ा तो उसे स्कॉर्पियो से कुचलने का प्रयास हुआ। परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दूसरे पक्ष के भी तीन घायलों का उपचार कराने के बाद पुलिस ने बुधवार को जेल भेजा।

बेनीपुर निवासी शैलेंद्र पांडेय (28) मंगलवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे नगर कोतवाली के गोंड़े सोनावां से आंवला का उत्पाद खरीदकर कार से घर लौट रहे थे। शैलेंद्र के घर के पहले अनिल तिवारी के घर सामने रास्ते में स्कार्पियो समेत दो कारें खड़ी थीं। जिसके चलते वह अपने घर नहीं जा पा रहे थे।



रास्ते में खड़ी कार को लेकर शैलेंद्र के एतराज जताने पर अनिल के घर वालों से विवाद शुरू हो गया। अवनीश पांडेय उर्फ प्रिंस के अनुसार कहासुनी के बीच ही अनिल और उनके घर पर मौजूद लोगों ने लाइसेंसी बंदूक से उनके भाई शैलेंद्र पर फायर झोंक दिया। दोनों पैर की जांघ में गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़े। फायर की आवाज सुनकर भाई प्रतीक पांडेय (32) पहुंचे। हमलावरों ने उनके पैर में भी गोली मार दी।

# डेढ़ साल के इश्क ने कराया 18 साल के रिश्ते का कत्ल

**महानगर संवाददाता**
**सिद्धार्थनगर**

लोग कहते हैं कि प्यार की उम्र नहीं होती, लेकिन वर्तमान का प्यार लोगों के रिश्तों को तार-तार कर रहा है। इसमें शादीशुदा महिलाएं पति की जान ले रही हैं। दो माह में मुस्कान और सोनम ने शादी के बाद प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करवा दी। उधर, सिद्धार्थनगर जिले के ढेबरूआ थाना इलाके की एक महिला ने शादी के लगभग 18 वर्ष बाद प्रेमी की चाह में उससे मिलकर पति की हत्या करवा दी। वहीं पति कन्नन भी 18 वर्ष पहले दिल्ली से संगीता को प्रेम विवाह करके ही गांव लाया था, जिससे जिले में दोनों घटनाओं को जोड़कर चर्चाएं हो रही हैं। ढेबरूआ थाना इलाके के रेकहटा ग्राम पंचायत के नजरगढ़वा के कन्नन से 18 वर्ष पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद




कन्नन और संगीता का 12 वर्ष का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता बलरामपुर निवासी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्षणपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही। डेढ़ से चल रहे प्रेम में दोनों ने एक दूसरे का होने के लिए कन्नन की हत्या की साजिश रची। इसके बाद महिला ने प्रेमी के साथ नशीली पदार्थ खिलाकर पति को राप्ती नदी में फेंक दिया। लोगों की निगाह से बचनेको संगीता दो जून को ढेबरूआ थाने में तहरीर दर्ज कराई।

# लखनऊ के जयपुरिया कॉलेज में आग लगने से फैकेल्टी रूम जलकर खाक

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

यूपी की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित जयपुरिया मैनेजमेंट कॉलेज में द्वितीय तल पर फैकेल्टी रूम में बुधवार दोपहर एकाएक आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल कर्मी पहुंचे। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में लगे हैं। अग्निकांड के दौरान किसी के फंसने की सूचना नहीं है। गनीतम यही रही कि कॉलेज में छुट्टियां चल रही हैं। जिस कारण छात्र-छात्राएं नहीं थे। गोमतीनगर जयपुरिया मैनेजमेंट कॉलेज के द्वितीय तल पर फैकेल्टी



से धुआं और आग की लपटें निकलती देख दोपहर शिक्षकों और कर्मचारियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने पहले खुद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। गोमतीनगर फायर स्टेशन से एफएसओ सुशील कुमार यादव दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों के साथ आग पर काबू पाना शुरू किया। इस बीच इमारत में लगे शीशे आग की तपिश से फटने लगे। दमकल कर्मियों ने घेरकर आग पर काबू पाना शुरू किया। दोपहर करीब सवा तीन बजे तक आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था। एफएसओ ने बताया कि फैकेल्टी में आग लगी है। वहां प्लास्टिक के उपकरण और फर्नीचर आदि होने के कारण आग बुझाने में दिक्कत हो रही हैं। धुआं परिसर में भर गया था। कोई हताहत नहीं हुआ है। उधर, अमरोहा के हसनपुर तहसील के थाना आदमपुर क्षेत्र के गंगा तटबंध के भीतर स्थित गांव मलकपुर में मंगलवार दोपहर आग ने कहर बरपा दिया।

# ट्राला-ट्रक में भिड़ंत, ड्राइवर की मौत

**कानपुर।** जिले में महाराजपुर थाना परिसर के गेट के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें फतेहपुर से लोहे के बड़े गाटर लादकर कानपुर जा रहा ट्रक ट्राला आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गया। इसमें लोहे की गाटर ट्रक की केबिन को फाड़ते हुए चालक के सीने के आर-पार हो गए, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं, परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आगे जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी थी, जिसकी वजह से हादसा हुआ है। मौके पर पुलिस द्वारा केबिन को काटकर शव को निकाला जा रहा है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# 50 हजार की रिश्वत लेते जेई को एंटी करप्शन ने रंगे हाथों पकड़ा

**महानगर संवाददाता**
**भदोही**

यूपी के भदोही में औद्योगिक विकास प्राधिकरण में तैनात एक जेई और डाक रनर को एंटी करप्शन की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। नक्सा पास करने के लिए जेई ने 1 लाख 25 हजार रुपये की मांग की थी जिसमें प्रथम किस्त 50 हजार रिश्वत लेते हुए जेई विनोद कुमार और डाक रनर अमित कुमार को भ्रष्टाचार निवारण टीम ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है जिसके बाद टीम आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

ज्ञात हो कि बीते दिनों भदोही शहर कोतवाली परिसर में दो सब इन्स्पेक्टर दिलशाद खान और सुभाष बौद्ध एक बुजुर्ग व्यक्ति से जमीन संबंधित मामले में रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुये तो वहीं




तहसील में तैनात लेखपाल को भी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था जिनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की बात कही गई थी। भदोही शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रजपुरा तहसील के ठीक बगल में स्थित जिले का औद्योगिक विकास प्राधिकरण है जो भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है जहां वैध जमीनों के साथ-साथ अवैध विवादित जमीनों का भी नक्शा बनाने का काम किया जाता है। हाल ही में एक ताजा मामला सामने आया है जहां एक भवन के नक्शा स्वीकृत करने के बदले में रिश्वत मांगी गई है। मूसी लाटपुर गांव के रहने वाले नीरज कुमार गौड़ ने एंटी करप्शन टीम को सूचना दी थी कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण भदोही में तैनात जेई विनोद कुमार के द्वारा नक्शा पास करने के लिए एक लाख पच्चीस हजार (125000) की रिश्वत मांगी जा रही है। भ्रष्टाचार निवारण विभाग ने सूचना मिलने के बाद ट्रैप टीम को भेजकर जेई विनोद कुमार और डाक रनर अमित कुमार को रिश्वत की प्रथम किस्त लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ट्रैप टीम दोनों रिश्वतखोरों को भदोही शहर से 20 किलोमीटर दूर गोपीगंज कोतवाली लेकर पहुंची जहां उन पर विधिक कार्रवाई शुरू हो गई है। इस प्रकरण में ट्रैप टीम प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सभी तथ्यों की परख करते हुये आरोपी जेई विनोद कुमार और उसके सहयोगी आउट सोर्स (डाक रनर) पर काम कर रहे अमित कुमार को 50 हजार रिश्वत के रुपयों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

# प्रयागराज में कचहरी के सामने बुलडोजर ऐक्शन

## चैंबर तोड़ने पर भड़के वकीलों ने किया चक्का जाम

**महानगर संवाददाता**
**प्रयागराज**

यूपी के प्रयागराज में कलेक्ट्रेट और कचहरी परिसर के बाहर अवैध अतिक्रमण पर ऐक्शन हुआ है। बुधवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई में बुलडोजर से कई अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए गए। इस दौरान कई अधिवक्ताओं (वकीलों) के चैंबर भी कार्रवाई के दायरे में आ गए। कार्रवाई से गुस्साए वकीलों ने कचहरी के सामने चक्का जाम कर दिया। उन्होंने इसे प्रशासन द्वारा जल्दबाजी में की गई कार्रवाई बताया और कहा कि जब तक अधिवक्ताओं के लिए कोई उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक उनके चैंबर नहीं हटाए जाने चाहिए। कार्रवाई से नाराज कई अधिवक्ताओं ने बुधवार को खुद को न्यायिक कार्यों से विरत रखा। कुछ अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया



कि कार्रवाई के दौरान उनके कुछ जरूरी कागजात भी इधर-उधर हो गए। अधिवक्ता सड़क पर टिनशेड और टूटे फर्नीचर रखकर चक्का जाम और प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, पुलिस ने एहतियातन कई कदम उठाए हैं। मौके पर भारी संख्या में बल तैनात किया गया है। रैपिड ऐक्शन फोर्स और यूपी पुलिस की कई यूनिट्स को तैनात किया गया है। लक्ष्मी टाकीज चौराहे से ही बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया गया है। वकीलों के आंदोलन के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है।

कलेक्ट्रेट और कचहरी परिसर के सामने कार्रवाई की शुरुआत बुधवार की सुबह 4 बजे से ही हो गई थी। विकास भवन और कचहरी के सामने सड़क के किनारे रखे वकीलों की कुर्सी-मेज और चैंबर को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में जुटे अधिवक्ता कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ घंटे तक अभियान चला। मिली जानकारी के अनुसार अभियान के अंत में पहुंचे कुछ लोगों ने पत्थर भी चलाए। इसमें 3 वाहनों के शीशे टूटने की सूचना है।

# बिहार में 29 जून को फिर सियासी संडे

## चिराग पासवान राजगीर तो उपेंद्र कुशवाहा गयाजी में गरजेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर एनडीए के घटक दलों के नेता रैलियां कर अपने सहयोगियों की चिंता बढ़ा रहे हैं। जून महीने में एक बार फिर सियासी संडे होने वाला है। 29 जून को केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा-रामविलास के मुखिया चिराग पासवान और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा अलग-अलग रैलियां करने वाले हैं। चिराग नालंदा जिले के राजगीर, तो कुशवाहा गयाजी में अपनी-अपनी पार्टी की जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पिछले रविवार (8 जून) को भी चिराग की आरा, तो कुशवाहा की मुजफ्फरपुर में रैली हुई थी। एलजेपी-आर के जमुई से सांसद अरुण भारती ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐलान किया कि उनकी पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान रविवार, 29 जून को राजगीर में बहुजन भीम संकल्प समागम करेंगे। यह



कार्यक्रम राजगीर हॉकी मैदान के निकट स्टेट गेस्ट हाउस में होगा। अरुण भारती, चिराग के जीजा हैं। उन्होंने कहा, "बहुजन अब किसी की भी B टीम नहीं बनेगा। अबकी बार न झांसे में आएगा, न झुकेगा। बहुजन भीम संकल्प समागम में चिराग पासवान वह हुंकार देंगे, जो सियासत के नकली ठेकेदारों की चूलें हिला देगी।" वहीं, उपेंद्र कुशवाहा भी इसी दिन गयाजी के गांधी मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को संबोधित करेंगे। यहां से वे समूचे मगध क्षेत्र को साधेंगे। आरएलएम के महासचिव रामपुकार सिन्हा ने कुशवाहा की आगामी रैली में 25 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा किया है। इसमें मगध क्षेत्र के विभिन्न जिलों के पार्टी वर्कर मौजूद रहेंगे।

### सीट बंटवारे से पहले बीजेपी-जेडीयू को ताकत दिखा रहे सहयोगी

बिहार में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में संभावित हैं। सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में बीजेपी, जेडीयू के अलावा चिराग की एलजेपी-आर, कुशवाहा की आरएलएम और जीतनराम मांझी की हम पार्टी शामिल है। एनडीए में अभी सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय होना बाकी है। इससे पहले घटक दलों के नेता बीजेपी और जेडीयू को अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहे हैं। चिराग और कुशवाहा की इन रैलियों को सीट बंटवारे से पहले शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। चिराग पासवान तो केंद्र की राजनीति छोड़ बिहार आकर विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत भी दे चुके हैं।

# PM मोदी से मिलना है तो पहले कराएं RT-PCR

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच सरकार भी अलर्ट मोड पर है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले मंत्रियों को आरटी पीसीआर टेस्ट कराना जरूरी होगा। हालांकि, इसे लेकर सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। यह फैसला ऐसे समय पर लिया जा रहा है, जब कई राज्यों में कोविड-19 के एक्टिव केस तेजी से बढ़ रहे हैं। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पीएम मोदी से मिलने वाले मंत्रियों को RT-PCR टेस्ट कराना होगा। आंकड़े बता रहे हैं कि देश में एक्टिव केस की संख्या 7 हजार के पार हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार के आंकड़ों के अनुसार, देश में 7 हजार 121 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा केस केरल में 2 हजार 223 हैं। वहीं, गुजरात में उनकी संख्या 1 हजार 223 है। तीसरे स्थान पर 757 एक्टिव केस के साथ राजधानी दिल्ली है। इनके अलावा पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 615, उत्तर प्रदेश में 229, कर्नाटक में 459, तमिलनाडु में 204, राजस्थान में 138, हरियाणा में 125 हैं।



# खड़गे ने लोकसभा उपाध्यक्ष के रिक्त पद को लेकर सरकार को घेरा

## कहा- पीएम मोदी को लोकतंत्र पर बोलने को कोई हक नहीं

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को लोकसभा में डिप्टी स्पीकर के रिक्त पद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री बेवजह लोकतंत्र की बातें करते हैं। उन्हें लोकतंत्र पर किसी भी प्रकार का वक्तव्य देने का हक नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपने दोनों ही कार्यकाल में लोकसभा में डिप्टी स्पीकर के पद को खाली रखा। अब यह तीसरा कार्यकाल आ चुका है। लेकिन, प्रधानमंत्री की ओर से अभी तक इस दिशा में किसी भी प्रकार का कदम नहीं उठाया गया है।

उन्होंने कहा कि संविधान में इस बात का भलीभांति वर्णन किया गया है कि लोकसभा के डिप्टी स्पीकर के



क्या काम होंगे, उनके क्या कर्तव्य होंगे। इसके इतर, उनकी नियुक्ति कैसे होगी, इन सबके बारे में सब कुछ संविधान में बताया गया है। संविधान में यह भी कहा गया है कि जो सबसे बड़ा दल हो, उसके किसी नेता को डिप्टी स्पीकर की जिम्मेदारी दी जाए। लेकिन, अफसोस अभी तक प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में किसी भी प्रकार का कदम उठाते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। इस तरह से पूरी संवैधानिक व्यवस्था पर आंच आ रही है, जिसे हम लोग किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं। खड़गे ने कहा कि जब हम सत्ता में थे, तब हमने खुद डिप्टी स्पीकर के पद की जिम्मेदारी विपक्ष के नेता को दी थी।

### पिछले 10 सालों से डिप्टी स्पीकर का पद खाली

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि इन्हीं सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मैंने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, जिसमें मैंने डिप्टी स्पीकर के रिक्त पद का मुद्दा उठाया है। मैंने मांग की है कि इस पद को जल्द से जल्द भरा जाए। साथ ही, मैंने पत्र में यह भी जिक्र किया है कि पिछले 10 सालों में आपने आज तक इस पद को भरने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। प्रधानमंत्री को यह पता होना चाहिए कि इस देश में संविधान के अनुरूप सरकार चलती है और आप संविधान से परे नहीं जा सकते हैं।

# दिल्ली में पैर पसार रहा कोरोना

## केरल-गुजरात के बाद राजधानी में सक्रिय मरीज अधिक

### रैपिड टेस्ट किट उपलब्ध नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। केरल और गुजरात के बाद दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज है। कोरोना मरीजों का आंकड़ा 750 को पार कर गया है। बढ़ते सक्रिय मरीजों के आंकड़े के साथ दिल्ली देशभर में कोरोना के मामलों में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 66 नए मरीज मिले और 90 मरीजों ने कोरोना को मात दी। राहत की बात यह है कि मौत का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। कोरोना से अब तक दिल्ली में आठ मौत हो चुकी है। एक जनवरी से



लेकर अब तक कोरोना के 1322 मामले सामने आ चुके हैं।

दिल्ली में कोरोना के 757 सक्रिय मरीज हैं। केरल में 2223, गुजरात में 1223, पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 615 कोरोना के सक्रिय मरीज हैं। कोरोना के मरीजों में खांसी, जुकाम, बुखार जैसे हल्के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। लेकिन गंभीर बीमारी होने पर बुजुर्गों सहित युवतियों और नवजात के मौत के मामले भी दर्ज किए गए हैं। ऐसे में डॉक्टर कोरोना को लेकर सतर्कता बरतने का परामर्श भी दे रहे हैं।

# 'आतंकवाद एक दिन आपको भी नुकसान पहुंचाएगा...'

## पाकिस्तान को लेकर जयशंकर की पश्चिमी देशों को फिर दो टूक

**महानगर नेटवर्क**

**ब्रसेल्स**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा। यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक



साझेदारी प्रदान करता है। जयशंकर ने कहा, 'मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन। सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को महसूस करता रहा?' पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं। उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एक दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी।

# अशोक गहलोत सचिन पायलट के बीच संबंधों की नई शुरुआत

**जयपुर।** बुधवार को सचिन पायलट के पिता कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में बड़ी हलचल थी। वजह केवल राजेश पायलट की पुण्यतिथि ही नहीं है, बल्कि इस मौके पर दौसा में आयोजित सर्वधर्म सभा में शामिल होने वाले नेताओं की फेहरिस्त है। इस धर्मसभा में पूरी राजस्थान कांग्रेस शामिल हुई। इनमें सबसे अहम है पूर्व सीएम अशोक गहलोत की उपस्थिति। राजेश पायलट की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। सचिन पायलट ने पिछले दिनों अशोक गहलोत से मुलाकात कर उनसे इसमें शामिल होने का आग्रह किया था। उसके बाद पायलट ने गहलोत से मुलाकात की तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की थी। तब से ही इस आयोजन को लेकर कांग्रेस में गहमागहमी का माहौल हो गया था। दरअसल अशोक गहलोत और सचिन पायलट राजस्थान कांग्रेस की राजनीति के दो सिरे माने जाते हैं। पहले दोनों के बीच सब कुछ सामान्य था। लेकिन दोनों के संबंधों में बीच साल 2018 में उस समय दूरिया बढ़ गईं जब कांग्रेस पांच साल बाद फिर से सत्ता में लौटी।


In the Court of A.D.J XXXI.Patna
Probate Case no. 185 of 2024
Neeraj Niwas................. Petitioner
Versus
Estate of Late Bijay Kumar Sharma...............................O.P
Notice
To,
Pankaj Niwas S/o Late Bijay Kumar Sharma R/o Tilia 2004, Nahar Amrit shakti, Near Nahar International School, Chandivali Mumbai-40072
Whereas the defendant has filed the aforesaid case for Probate of will dt.06-06-2023 against you in which notices/summons were sent to you through Nazarat& Registered post, but you have avoided your appearance, and hence through this newspaper publication you are noticed to appear in court on 24-6-2025 at 7.30 AM, either in person or through lawyer and file reply, if any, failing which the matter shall be heard ex-prate against you.
Issued under my hand and seal of this court on 06/06/2025
Sd/-
A.D.J XXXI, Patna


# 1200 जवानों को जर्जर ट्रेन देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी निलंबित

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 1200 BSF जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इंकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। 6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (NFR) ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे थे। ट्रेन का VIDEO भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं। जवानों के



इंकार के बाद 10 जून को दूसरी ट्रेन मुहैया कराई गई। ट्रेन की फोटोज ट्रेन के डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ था। जवानों को अमरनाथ तीर्थयात्री ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। जिस ट्रेन से उन्हें जाना था, उसका BSF के कंपनी कमांडर ने निरीक्षण किया। ट्रेन की हालत देखकर वे हैरान रह गए। ट्रेन के डिब्बों की हालत काफी खराब थी। इसका इस्तेमाल जवानों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए नहीं किया जा सकता। जांच के बाद पता चला कि डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ। हर डिब्बे में जगह-जगह टूटे-फूटे सामान पड़े थे। ट्रेन की खिड़कियों व दरवाजों में छेद थे। अधिकांश सीटों पर गंदगी फैली हुई थी। ट्रेन के कई डिब्बों में बल्ब या बिजली कनेक्शन नहीं था। भारतीय रेल्वे के NFR जोन के एक सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 6 जून को रवाना होने वाली ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। कारण यह है कि बीएसएफ ने ट्रेन की खामियों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके चलते अब उन्हें दूसरी ट्रेन दी गई है। नई ट्रेन मंगलवार को रवाना की गई।

# दुराचार पीड़िता नाबालिग को मिली गर्भपात की अनुमति

**जबलपुर।** दुराचार पीड़ित नाबालिग को हाईकोर्ट से गर्भपात की अनुमति मिल गई है। हाईकोर्ट जस्टिस अमित सेठ की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद पाया कि गर्भ अवस्था वर्तमान में 28 सप्ताह से अधिक है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद पीड़िता को गर्भपात की अनुमति आवश्यक निर्देश के साथ प्रदान की है। दमोह जिला न्यायालय ने दुष्कर्म पीड़ित की गर्भवती 16 वर्षीय किशोरी की गर्भ अवधि 20 सप्ताह से अधिक होने के कारण गर्भपात की अनुमति के हाईकोर्ट में पत्र लिखा था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई याचिका की रूप में करने के आदेश जारी किए थे। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए थे।

# राहुल ने PM नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दलित, अनुसूचित जनजाति (एसटी), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और समाज के अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रों को आवासीय छात्रावास में जिन "दयनीय" स्थितियों से जूझना पड़ता है तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में होने वाली देरी पर ध्यान



देने का आग्रह किया है। 10 जून को लिखे पत्र में कांग्रेस नेता ने छात्रवृत्ति कार्यक्रमों में संकट का विवरण दिया और बिहार का उदाहरण दिया, जहां छात्रवृत्ति पोर्टल कथित तौर पर तीन वर्षों तक निष्क्रिय रहा, जिसके परिणामस्वरूप 2021-22 शैक्षणिक वर्ष के दौरान कोई छात्रवृत्ति वितरित नहीं की गई। उन्होंने लाभार्थियों में तीव्र गिरावट का उल्लेख किया और कहा कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले दलित छात्रों की संख्या लगभग आधी घट गई, जो वित्त वर्ष 23 में 1.36 लाख से वित्त वर्ष 24 में 69,000 हो गई।"

# चाहकर भी बच्चे पैदा नहीं कर पा रहे 14 पर्सेंट भारतीय

## 38 फीसदी लोगों को एक बात का डर

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से जारी एक रिपोर्ट में भारत समेत दुनिया के कई देशों में घटती जन्म दर को लेकर अलर्ट किया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जन्म दर अब प्रति कपल 1.9 ही रह गई है, जो कि रिप्लेसमेंट लेवल से कम है। जनसंख्या विज्ञानियों का मानना है कि आबादी का रिप्लेसमेंट लेवल 2.1 है, ऐसे में प्रजनन दर 1.9 ही रह जाना चिंता का विषय है। भले ही भारत की आबादी में अभी सीधे तौर पर असर नहीं दिख रहा है, लेकिन एक पीढ़ी यानी कुछ दशकों बाद गंभीर चिंता की स्थिति बन सकती है। अब सवाल यह है कि जन्म दर में इस गिरावट के क्या कारण हैं? संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इस सवाल का भी जवाब दिया गया है। दुनिया के 14 देशों के सर्वे के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। इस सर्वे में घटती जन्मदर को लेकर भी लोगों से एक सवाल भी पूछा गया कि आखिर आप जितने बच्चे पैदा करना चाहते हैं, उससे कम क्यों किए या फिर एक भी क्यों नहीं किया। इसके जो जवाब लोगों ने दिए हैं, उनसे कई चीजें स्पष्ट होती हैं और लोगों की चिंताएं भी समझ में आती हैं। भारत की बात करें तो 13 फीसदी लोगों ने कहा कि वे इसलिए बच्चे पैदा नहीं कर पाए क्योंकि वे बांझपन की समस्या से जूझ रहे हैं या फिर गर्भ ठहरने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा 14 फीसदी लोगों का कहना था कि वे प्रेग्नेंसी से जुड़ी मेडिकल समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# भाई गोविंद ने राजा के परिवार से मांगी माफी

## 'हमने सोनम से रिश्ते तोड़े'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

राजा रघुवंशी मर्डर केस में सोनम के भाई गोविंद बुधवार दोपहर मृतक के परिवार से मिलने के लिए पहुंचे। वे राजा रघुवंशी की मां से मिलकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर सोनम दोषी है तो वो खुद उसे फांस दिलवाने के लिए काम करेंगे। गोविंद ने यह भी कहा कि उन्होंने सोनम से रिश्ते तोड़ दिए हैं। गोविंद ने राज से जुड़े सवाल पर कहा- वो हमेशा सोनम को दीदी-दीदी बोलता था। सोनम राज को तीन सालों से राखी बांधती



थी। गाजीपुर पहुंचने के बाद सोनम ने फोन पर क्या कहा? – गाविंद ने बताया कि वो फोन पर फूट-फूट कर रो रही थी। उसने बताया कि वो ढाबे पर है, मैंने ढाबे वाले से बात की, उससे बात नहीं की। इस दौरान मैं उससे ये नहीं पूछ पाया कि कैसे क्या हुआ? सोनम के भाई ने कहा – हमने उसे बेदखल कर दिया है। हम राजा की तरफ से केस लड़ेंगे। मीडिया के जरिए मिली जानकारी के अनुसार, मुझे भी लग रहा है कि वो दोषी है। गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी है तो उसे डायरेक्ट फांसी पर चढ़ा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से सबूत मिल रहे हैं, मुझे 100% पता है, उसी ने हत्या की है, उसने यह काम करवाया है। अन्य आरोपियों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि ये सभी नाम राज से जुड़े हैं, इसलिए मुझे कंफर्म है कि वो दोषी हैं।


**पनवेल महानगरपालिका**

**शहर अभियंता विभाग**

**दरपत्रक**

**जा.क्र.पमपा/बांधकाम/६५२५/प्र.क्र.९९/२०१२ /२०२५** **दिनांक: ११/०६/२०२५**

**आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता अंदाजपत्रक तयार करण्यासाठी खालील कामासाठी दरपत्रक (Market Rate) मागविण्यात येत आहेत.**

| अ.क्र. | कामाचे नाव | मुदत |
|---|---|---|
| १. | पनवेल महानगपालिका हद्दीमध्ये पायाभूत सोयी-सुविधेसाठी विविध तंत्रज्ञानाचा वापर शहराचे ३D Model विकसीत करणे व भू-अंतर्गत सेवांचे Mapping करुन पायाभूत विकासासाठी सहाय्यभूत तांत्रिक संरचना तयार करणे. | १२/०६/२०२५ ते १८/०६/२०२५ (०७ दिवस) |

या कामाच्या दरपत्रकाबाबतची माहिती पनवेल महानगरपालिकेच्या www.panvelcorporation.com या संकेतस्थळावर दि.१२/०६/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. सदर बाबींचे बाजार भाव स्वत:च्या लेटरहेडवर महानगरपालिका कार्यालयात अथवा pmbandhkamdept01@gmail.com या ई-मेलवर मुदतीत पाठविण्यात यावे ही विनंती. सदर दर हे अंदाजपत्रक तयार करण्यासाठी आहेत. याची कृपया नोंद घ्यावी.

सही/-
(गणेश शेटे)
अतिरिक्त आयुक्त-I
पनवेल महानगरपालिका



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**बी.वाई.एल. नायर चैरि. अस्पताल**
**डॉ. ए.एल. नायर रोड, मुंबई – 400 008**
**इंजीनियरिंग विभाग (एम एवं ई)**

**क्र. एनईजी/203, दिनांक : 11.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित दर्शाए अनुसार कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| अ. क्र. | कार्य का नाम | बोली क्र. | ईएमडी (₹ में) | निविदा दस्तावेज शुल्क, जीएसटी सहित (₹ में) | बीएमसी वेबसाइट से बोली डाउनलोडिंग की आरंभिक तिथि एवं समय | बीएमसी वेबसाइट से ऑनलाइन बोली जमा हेतु अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल में चिल्ड एयर सिस्टम की रिटर्न एयर बॉक्सिंग की कीटाणुनाशन का वार्षिक दर ठेका. | 2025-एमसीजीएम-1187055 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 2 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल में ओपीडी बिल्डिंग में चौथी से छठवी मंजिल के गलियारे में वितरण प्रणाली का सुधार. | 2025-एमसीजीएम-1184501 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 3 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल में सेंट्रल एचवीएसी सिस्टम की कार्यसंचालन स्थितियों में सुधार के लिये निष्पादन योग्य सम्बद्ध कार्य. | 2025-एमसीजीएम-1187781 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 4 | नायर अस्पताल में एई (एम एवं ई) अंतर्गत विभाग कर्मचारी हेतु विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं का प्रावधान. | 2025-एमसीजीएम-1187046 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 5 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल के विभिन्न आईसीयू और ओटी में चिल्ड एयर गुणवत्ता के सुधार हेतु वार्षिक दर ठेका. | 2025-एमसीजीएम-1187050 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 6 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल के ओपीडी बिल्डिंग में कूलिंग सिस्टम के सुधार हेतु विभिन्न आवश्यक फिटमेंट्स की स्थापना और क्रियान्वयन प्रदान करना. | 2025-एमसीजीएम-1184528 | 20000/- | 3630/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |
| 7 | बीवाईएल नायर चैरि. अस्पताल में एसडीएफयू और डिटैचेबल यूनिट्स हेतु विभिन्न सम्बद्ध एक्सेसरीज के निष्कासन मरम्मत/प्रतिस्थापन और पुनर्स्थापना का कार्य. | 2025-एमसीजीएम-1187815 | 8000/- | 1452/- + (9% सीजीएसटी एवं 9% एसजीएसटी) | 12.06.2025 को 11.00 बजे से | 19.06.2025 को 16.00 बजे तक |

कृपया अधिक जानकारी के लिए एमसीजीएम के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर ई-निविदाएं अनुभाग अंतर्गत देखी जा सकती हैं.

हस्ता./-
उप डीन,
बी.वाई.एल. नायर चैरि. अस्पताल

पीआरओ/644/विज्ञा./2025-26

बुखार ? तत्काल कदम उठाईये, सही और सम्पूर्ण उपचार के लिये अपने डॉक्टर से संपर्क करिये

## पूजा करते समय दीपक जलाने के इन नियमों का रखें ध्यान

# घर आएंगी मां लक्ष्मी





**हिंदू धर्म में पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र में दीपक प्रज्वलित के कुछ खास नियम बताए हैं। मान्यता है कि किसी भी पूजा को आरंभ करने से पहले दीपक जलाना चाहिए, तभी पूजा पूरी मानी जाती है। किसी भी पूजा-पाठ के समय दीपक जलाने की परंपरा का पालन हर किसी को करना चाहिए, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दीपक जलाने के भी कुछ नियम होते हैं। मान्यता है कि इन नियमों का पालन करने से लोगों को पूजा-पाठ का पुण्य फल मिलता है व मनोकामना पूर्ण होती है। जानें पूजा करते समय दीपक की बत्ती से जुड़े वास्तु नियम व उसके प्रभावों के बारे में...**

1. दीपक जलाते समय बत्ती का मुख सदैव पूर्व या उत्तर की ओर रखना चाहिए। पूजा में घी का दीपक जलाने के बाद तुरंत बाद ही अन्य तेल का दीपक नहीं जलाना चाहिए।
2. पूर्व की ओर बत्ती का मुख रखने से स्वास्थ्य लाभ होता है तथा तनाव कम होता है।
3. उत्तर की ओर बत्ती का मुख रखने समृद्धि आती है तथा ज्ञान में वृद्धि होती है।
4. पश्चिम की ओर बत्ती का मुख रखने से जीवन में बाधाएं आती हैं व चिंता बढ़ती है।
5. दक्षिण दिशा की ओर बत्ती का मुख रखने से हानि हो सकती है तथा रुकावटें भी आती हैं।
6. हिंदू धर्म के अनुसार दीपक को पूजा स्थल के बीचों बीच और भगवान की मूर्ति या प्रतिमा के सामने रखना चाहिए।
7. तेल के दीपक में लाल बत्ती का प्रयोग करना शुभ होता है और घर के दीपक के लिए रूई की बाती का प्रयोग करना लाभकारी माना गया है।

## सिर्फ छाता-रेनकोट नहीं

# मानसून में यात्रा के लिए इन चीजों को बैग में रखना न भूलें



**मानसून में ट्रैवलिंग का भी अलग ही मजा है। भारत के अधिकतर हिस्से बारिश के दौरान हरे-भरे हो जाते हैं और इनकी खूबसूरती और बढ़ जाती है। वैसे इस मौसम में यात्रा करना कुछ हद तक सेफ नहीं होता है इसके बावजूद कुछ लोग बारिश में भी घूमने के लिए निकल जाते हैं। यात्रा पर जाने से पहले हमें इस मौसम के लिहाज से पैकिंग करनी चाहिए। लोग मानसून में ट्रिप की प्लानिंग और पैकिंग में ऐसी गलती कर जाते हैं जो उनके लिए वहां मुसीबत का कारण बनती है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपकी ट्रैवल किट में कौन सा जरूरी सामान होना चाहिए।**

### मानसून ट्रैवलिंग

कुछ लोगों को मानसून में घूमना काफी पसंद होता है। इसलिए वे बारिश में ही ट्रैवलिंग का प्लान बनाते हैं। दरअसल भारत में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। कर्नाटक का कुर्ग और महाराष्ट्र का लोनावला जैसी देश में कई टूरिस्ट स्पॉट हैं जिनकी मानसून में ब्यूटी और बढ़ जाती है और इन्हें देखते ही कोई भी पलभर में दीवाना बन जाता है। वैसे ट्रिप का मजा किरकिरा न हो इसलिए पैकिंग में क्या-क्या रखना जरूरी है जानें

### छाता और रेनकोट है जरूरी



मानसून में ट्रैवल करने जा रहा हैं तो सबसे कॉमन चीज छाता और रेनकोट को बैग में रखना न भूलें। बारिश के बढ़ने के बीच भीगने से तबीयत बिगड़ सकती है ऐसे में रेनकोट और छाता होने पर आप काफी हद तक अपना बचाव कर सकते हैं। घर से दूर ट्रैवलिंग में बीमार पड़ना भारी पड़ जाता है। ऐसे में सेफ्टी के साथ चलना बेहतर रहता है।

### वाटरप्रूफ बैग

सामान को भीगने से बचाने का बेस्ट ऑप्शन वाटरप्रूफ बैग है। इसमें आपकी सभी चीजें सेफ रहती हैं और हम टेंशन फ्री ट्रैवल कर पाते हैं। इसके अलावा वाटरप्रूफ पैकट भी आते हैं जिनके जरिए आप बैग के अंदर भी सामान को भीगने से बचा सकते हैं।

### ऐसे जूते-चप्पल रखें

कहा जाता है कि बारिश में यात्रा करते समय जूतों की जगह चप्पल या स्लीपर साथ रखनी चाहिए। पर पानी के कारण पैरों की स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अपने पास ऐसे जूते रखें जो काफी हद तक पानी से आपको बचा सकें। साथ ही इन जूतों के सोल की ग्रीप भी अच्छी होनी चाहिए क्योंकि इस तरह आप फिसलने के डर को कम कर पाएंगे।

### हेयर ड्रायर

अपने बैग में हेयर ड्रायर रखना न भूलें क्योंकि ये न सिर्फ गीले बालों को जल्दी सुखाने के काम आता है बल्कि इससे कपड़ों में आई नमी को भी कम करने में मदद मिलेगी। हेयर ड्रायर में ज्यादा वजन भी नहीं होता और ये मानसून की यात्रा में आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकता है।

# किशमिश और मुनक्का में क्या होता है अंतर

## जानिए सेहत के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद

**किशमिश और मुनक्का दोनों ही सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। हालांकि कुछ लोग दोनों को एक ही समझते हैं, लेकिन दोनों में काफी अंतर होता है। किशमिश और मुनक्का ड्राई फ्रूट्स की लिस्ट में ही शामिल हैं। किशमिश खाने से पेट में कब्ज की समस्या कम होती है वहीं मुनक्का खाने से शरीर में खून बढ़ता है। मुनक्का का इस्तेमाल आयुर्वेद में दवा के रूप में भी किया जाता है। जानिए किशमिश और मुनक्का में क्या अंतर होता है और सेहत के लिए इनमें से क्या ज्यादा फायदेमंद है?**

### मुनक्का के फायदे



मुनक्का में भरपूर कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, बीटा कैरोटीन, एंटी बैक्टीरियल जैसे गुण पाए जाते हैं। शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए मुनक्का का सेवन जरूर करें। फाइबर से भरपूर मुनक्का खाने से पाचन मजबूत होता है। एनीमिया के रोगियों को मुनक्का जरूर खाना चाहिए। ब्लड प्रेशर कम होने पर भी मुनक्का फायदेमंद होता है। हार्ट हेल्थ और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मुनक्का मदद करता है।



### किशमिश और मुनक्का में अंतर

किशमिश का साइज छोटा और दिखने में पतली होती है। मुनक्का साइड में बड़ा और मोटा होता है। किशमिश का रंग थोड़ा हल्का होता है वहीं मुनक्का डार्क ब्राउन कलर का होता है। किशमिश खाने में खट्टी और मुनक्का मीठा होता है। छोटे अंगूरों को सूखाकर किशमिश तैयार की जाती है इनमें बीज नहीं होते हैं। मुनक्का को बड़े साइज के पके अंगूर को सुखाकर बनाया जाता है। मुनक्का के अंदर काफी बीज होते हैं।

### किशमिश के फायदे


किशमिश में आयरन, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, कॉपर और मैंगनीज होता है। किशमिश को विटामिन बी6 का सोर्स माना जाता है। किशमिश खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है। फाइबर से भरपूर किशमिश पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी माना जाती है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को तेज करती हैं। भिगोकर किशमिश खाने से वजन भी कम होता है। हड्डी और दांतों को मजबूत बनाने के लिए भी किशमिश खानी चाहिए।

## गर्मी में जिम जाने का नहीं है मन

# घर पर बैठे करें एक्सरसाइज

**गर्मियों के मौसम में जिम जाने का मन नहीं करता है ऐसे में अगर आप भी इन्हीं में से एक हैं तो आप बिना जिम जाए घर पर ही इन एक्सरसाइज को कर सकते हैं ये वजन कम करने में भी मददगार साबित हो सकती हैं। वेट लॉस करना हो या अपने आप को फिट रखना है इसके लिए डाइट के साथ ही एक्सरसाइज बेहद जरूरी होती है। जिसके लिए ज्यादातर लोग जिम जाना पसंद करते हैं। लेकिन इस समय दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। कई बार अपने बिजी शेड्यूल और गर्मी के कारण आपको बहुत ज्यादा थकावट महसूस होने लगती है कि ऐसे में जिम जाने का बिल्कुल मन नहीं करता है। एक से दो दिन ऐसा करना चलता है, लेकिन रोजाना नहीं।**

अगर हम ऑफिस और घर पर लगातार बैठे रहेंगे और किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी नहीं करेंगे तो इससे वजन बढ़ने के चांसेस ज्यादा हो जाते हैं। वजन कम करने के साथ ही हमारी ओवर ऑल हेल्थ के लिए भी वर्कआउट करना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर आप भी इस तपती गर्मी में जिम जाकर एक्सरसाइज नहीं करना चाह रहे हैं तो आप घर पर ही वर्कआउट कर सकते हैं। जिससे आपका वजन कंट्रोल हो जाए।



### प्लैंक एक्सरसाइज

वेट लॉस करने में प्लैंक एक्सरसाइज मददगार साबित हो सकती हैं। इसके लिए आपको पेट के बल जमीन पर लेट जाना है और उसके बाद अपने पंजों और कोहनी के बल पर शरीर को ऊपर की तरह उठाना है। अब पोजीशन में कुछ सेकेंड तक रहें। बस ध्यान रखें कि इस एक्सरसाइज को करते समय अपनी बॉडी को सीधा रखें।



### स्क्वाट एक्सरसाइज

स्क्वाट एक्सरसाइज करने से कमर के निचले हिस्से की मसल्स को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको सीधा खड़े हो जाना है और उसके बाद दोनों हाथों को अपने सामने लाकर मुट्ठी बना लेनी है। इसके बाद आपको उठक-बैठक करनी है। जैसे ही आप नीचे बैठने लगें तभी वापिस स्टैंडिंग पोजीशन में आ जाएं।

### जंपिंग जैक्स

अगर आप घर पर एक्सरसाइज करना चाह रहे हैं तो जंपिंग जैक भी अच्छा ऑप्शन हैं। ये एक बेहतरीन कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे कैलोरी बर्न करने और शरीर को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। जंपिंग एक्सरसाइज करने के लिए पहले पैरों को साथ मिलाकर खड़े हो जाएं। फिर हाथों को शरीर के दोनों तरफ रखें। अब एक छलांग लगाएं, इस दौरान पैरों को बाहर की ओर फैलाएं। अब हाथों को सिर के ऊपर उठाएं और वापस से सीधा खड़े हो जाएं और ये प्रोसेस 60 सेकंड तक दोहराएं।

# दूध वाली चाय को ज्यादा उबालने से सेहत को होते हैं ये गंभीर नुकसान

**कुछ लोगों को ज्यादा देर तक चाय उबालकर पीने की आदत होती है। इससे यकीनन चाय का स्वाद बढ़ जाता है लेकिन सेहत के लिहाज से देखा जाए तो ये बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। ज्यादा देर तक उबली हुई चाय आपकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसलिए अगर आप चाय पीने के शौकीन हैं तो आपको ये जरूर पता होना चाहिए कि चाय को कितनी देर तक उबालना सही है। आइए जानते हैं इसके बारे में।**

### चाय को कितनी देर तक उबालें

चाय बनाने की सारी सामग्री डाल देने के बाद आप इसे सिर्फ 4-5 मिनट के लिए ही उबालें। इससे ज्यादा देर के लिए अगर आप चाय उबालते हैं तो इससे आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। आइए जानते हैं अगर चाय को ज्यादा देर तक उबाला जाए तो इससे क्या नुकसान होते हैं।

**1.शरीर में हो सकती है आयरन और कैल्शियम की कमी**

दूध की चाय को ज्यादा देर तक उबालने से इसमें टैनिन की मात्रा बढ़ जाती है। टैनिन की मात्रा बढ़ने से शरीर में आयरन की कमी हो जाती है जिससे आप जल्द ही एनीमिया के शिकार हो सकते हैं।



**2. एसिडिटी की समस्या** – दूध वाली चाय को ज्यादा उबालने से इसका पीएच लेवल भी बढ़ जाता है जिससे चाय ज्यादा एसिडिक हो जाती है।

**3 .पाचन संबंधी समस्याएं** – चाय को ज्यादा देर तक उबालने की वजह से इसके एसिडिक गुण बढ़ जाते हैं जिससे आपको पाचन संबंधित समस्याएं हो सकती है।

**4 .हाई ब्लड प्रेशर** – अगर आप पहले बनाकर रखी हुई चाय को दुबारा उबालकर पीते हैं तो इससे उसमें टैनिन की मात्रा पहले के मुकाबले काफी ज्यादा बढ़ जाती है जो आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करती है।

# दादी मां के नुस्खे जो बालों और त्वचा को बनाएंगे हेल्दी

**हमारे देश में दादी-नानी छोटी-मोटी हेल्थ प्रॉब्लम से लेकर स्किन और हेयर केयर के लिए हमेशा से देसी नुस्खों को अपनाती आ रही हैं और ये नुस्खे आज भी बेहद फायदेमंद रहते हैं। घर की रसोई में मिल जाने वाली चीजें औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं, बस आपको सही से इस्तेमाल करना आना चाहिए। आज के मॉर्डन लाइफस्टाइल में सेहत के साथ ही त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याओं से भी लोग काफी ज्यादा परेशान रहते हैं। ऐसे में अपने खानपान से लेकर रूटीन पर ध्यान देने के साथ ही होम रेमेडीज के जरिए आप इन प्रॉब्लम्स से छुटकारा पा सकते हैं।**

सोशल मीडिया पर आज के टाइम में हैक्स की भरमार है। इनको लेकर दावा किया जाता है कि एक ही बार में बेहतरीन रिजल्ट मिलेगा, लेकिन इससे आपकी स्किन और बालों को फायदा होने की बजाय कई बार नुकसान भी हो सकता है। पुराने आजमाए हुए नुस्खों का रिजल्ट मिलने में भले ही कुछ समय लगता है, लेकिन इनके इफेक्ट होने का डर नहीं रहता है। तो चलिए जान लेते हैं ऐसे ही नुस्खों के बारे में।

### शैंपू को कहें बाय, ऐसे धोएं बाल

पहले के टाइम में लोग शैंपू से बाल नहीं धोया करते थे, बल्कि इसकी बजाय रीठा, आंवला और शिकाकाई का इस्तेमाल किया जाता था। इससे बाल न सिर्फ मजबूत बनते हैं, बल्कि ग्रोथ भी अच्छी रहती है और बालों में थिकनेस भी आती है। इसके अलावा आपके बाल लंबे समय तक काले बने रहते हैं। रात में सूखे आंवला, रीठा और शिकाकई को थोड़े से पानी में भिगो दें। सुबह इसे मसलकर छान लें और इस पानी से बालों को धोएं।

### मुल्तानी मिट्टी है बड़े काम की चीज

स्किन केयर से लेकर हेयर केयर तक में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल बहुत पुराने समय से होता आ रहा है। आप हेयर वॉश में भी इसे इस्तेमाल कर सकते हैं, बस इसमें थोड़ा सा टाइम ज्यादा लगता है। मुल्तानी मिट्टी को भिगोकर रख दें और फिर इसमें रीठा का पानी मिला लें। तैयार है आपका नेचुरल शैंपू। पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए मुल्तानी मिट्टी में चुटकी भर हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं, स्किन ज्यादा ड्राई रहती है तो एक चम्मच दही भी एड कर लें।

### बेसन का करें स्किन केयर में यूज

अपने चेहरे की रंगत सुधारे से लेकर डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने तक बेसन का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक चम्मच बेसन में दही और हल्दी मिलाएं। इन तीनों चीजों का फेस पैक हफ्ते में तीन बार लगाने से आपको धीरे-धीरे स्किन में पॉजिटिव बदलाव देखने को मिलेंगे।



# गर्मियों के लिए नए और स्टाइलिश डिज़ाइनों के परिधान करें शामिल

**भारत के अग्रणी फैशनेबल ब्रांड लाइफस्टाइल ने अपने लंबे समय से प्रतीक्षित एंड ऑफ सीजन सेल की घोषणा कर दी है, जिसमें ग्राहकों को फैशन-फॉरवर्ड उत्पादों की विस्तृत रेंज पर 50% तक की छूट दी जा रही है। इस सीजन को और भी रोमांचक बनाते हुए, लाइफस्टाइल ने इस अभियान के लिए अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है।**

अपने सहज स्वाभाविक आकर्षण और करिश्माई व्यक्तित्व के लिए पूरे भारत में पहचानी जाने वाली तमन्ना इस नए अभियान में ग्लैमर और आत्म-प्रेरित स्टाइल का एक अनोखा मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। इस सीजन के कलेक्शन में गर्मियों के लिए नए और स्टाइलिश डिज़ाइनों के साथ-साथ क्लासिक परिधान शामिल हैं, जो प्रीमियम स्टाइल या रोज़मर्रा की फैशन की तलाश करने वाले हर खरीदार के लिए कुछ न कुछ पेश करते हैं। अभियान के बारे में बोलते हुए लाइफस्टाइल के अध्यक्ष – उप-सीईओ ने कहा कि,



"स्टाइल और सहजता के मेल से तैयार यह कलेक्शन तमन्ना के ज़रिए जीवंत हो उठता है और यह सभी को अपनी अनोखी शैली को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कहा, "मेरा मानना है कि फैशन केवल ट्रेंड्स के बारे में नहीं है, बल्कि यह इस बारे में है कि आप कौन हैं – इसे व्यक्त करना। लाइफस्टाइल के इस सेल की मुझे जो बात सबसे ज़्यादा पसंद आई, वह यह है कि यह हर किसी के लिए प्रीमियम और ट्रेंडिंग फैशन को सुलभ बनाता है, और लोगों को आत्मविश्वास के साथ अपना व्यक्तित्व अपनाने में सक्षम बनाता है।"

### अय्यर की कप्तानी वाली मुंबई फाल्कन्स T20 मुंबई लीग के फाइनल में

# आज होगा खिताबी मुकाबला





**मुंबई।** श्रेयस अय्यर की एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स ने आकाश पारकर के शानदार खेल और ईशान मुलचंदानी के शानदार अर्धशतक की बदौलत बांद्रा ब्लास्टर्स पर 5 विकेट से जीत दर्ज कर टी20 मुंबई लीग 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। फाइनल में उनका सामना गुरुवार को मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स से होगा जो 12 जून को मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांद्रा ब्लास्टर्स ने 130 रन बनाए जिसमें ध्रुमिल मटकर (34) और आकाश आनंद (31) ने सबसे ज्यादा रन बनाए जबकि एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स के लिए आकाश पारकर ने तीन विकेट चटकाए। इसके बाद फाल्कंस ने सलामी बल्लेबाज ईशान मूलचंदानी के नाबाद 52 रन के बाद आकाश पारकर (32) और अंगकृष रघुवंशी (27) की तेज पारी की बदौलत पांच ओवर शेष रहते आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। इससे पहले पहले सेमीफाइनल में कप्तान सिद्धेश लाड के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज रोहन राजे के 5 विकेट की बदौलत मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में ईगल थाने स्ट्राइकर्स पर 8 विकेट से व्यापक जीत के साथ टी20 मुंबई लीग 2025 के फाइनल में प्रवेश किया। काफी मूवमेंट और उछाल वाली पिच पर राजे ने परिस्थितियों का शानदार फायदा उठाया और 5/40 के आंकड़े हासिल किए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर्स को लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य धूमल के समर्थन से राजे ने शीर्ष और मध्य क्रम को तहस-नहस कर दिया जिससे 10 ओवर में ही उनका स्कोर 57/4 हो गया। साईराज पाटिल (41) और कप्तान अथर्व अंकोलेकर (नाबाद 34) ने 43 रनों की साझेदारी कर कुछ समय के लिए पारी को संभाला, लेकिन राजे की एक और पारी ने पलड़ा भारी कर दिया। तेज गेंदबाज ने पाटिल, विनय कुंवर और शशांक अत्तारदे को जल्दी-जल्दी आउट कर यादगार 5 विकेट चटकाए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सतर्क शुरुआत की। शुरुआती सफलता तब मिली जब साहिल जाधव साईराज पाटिल की इनस्विंगर को गलत समझ बैठे और बोल्ड हो गए। लेकिन लाड ने अपनी खास संयमता के साथ पारी को संभाला। उन्होंने चिन्मय सुतार (19) के साथ 48 रनों की साझेदारी की, जो अत्तारदे की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में समाप्त हो गई। लाड ने हार नहीं मानी और सचिन यादव (नाबाद 19) के साथ मिलकर दोनों ने 55 रनों की अटूट साझेदारी की और 13 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान 52 गेंदों पर 74 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें 9 चौके और एक छक्का शामिल था और ऑफ-साइड में शानदार ड्राइव के साथ विजयी शॉट लगाया। इस जीत के साथ मराठा रॉयल्स अपने कप्तान और स्टार पेसर के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में पहुंच गई।

# ब्राजील ने FIFA वर्ल्ड कप 2026 के लिए किया क्वालीफाई


### पैराग्वे को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराया



**नई दिल्ली।** ब्राजील ने मंगलवार को घरेलू मैदान पर पैराग्वे पर 1-0 की मामूली जीत के साथ 2026 फीफा विश्व कप में जगह पक्की कर ली. यह कार्लो एंसेलोटी की कोचिंग में टीम की पहली जीत भी थी। 44वें मिनट में विनीसियस जूनियर के गोल ने ब्राजील को टूर्नामेंट में जगह दिलाई, जिसकी मेजबानी कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको करेंगे. 5 बार के चैंपियन ने मैच में बढ़त बनाई, जब रियल मैड्रिड के स्टार विनीसियस जूनियर ने मैथियस कुन्हा से क्रॉस मिलने के बाद करीब से गोल किया, जिन्हें हाल ही में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने साइन किया था। ब्राजील और पैराग्वे के बीच का मैच तब बहुत महत्वपूर्ण हो गया, जब उरुग्वे ने मोंटेवीडियो में वेनेजुएला को 2-0 से हराया. इस रिजल्ट का मतलब था कि पैराग्वे को क्वालीफाई करने के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता थी, जबकि ब्राजील को प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए जीत की आवश्यकता थी। ब्राजील की टीम ने पहले हाफ में गोल करने के अवसर बनाने के लिए संघर्ष किया. 35वें मिनट में कुन्हा ने एक आसान मौका गंवा दिया क्योंकि वह एक करीबी रेंज से हेडर से दूर चला गया. हालांकि, बाद में उन्होंने विजयी गोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बॉक्स में प्रवेश करने के लिए राफिन्हा के बिल्ड-अप प्ले का फायदा उठाया और विनीसियस को एक लो क्रॉस दिया, जिस पर उन्होंने झपट्टा मारा और गोल किया. इस जीत के साथ, ब्राजील 16 मैचों में 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है।

### वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ

# घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की



**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन घरेलू टेस्ट मैचों में प्रतिष्ठित सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम की घोषणा की है। सीरीज की शुरुआत 25 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में होगी। यह श्रृंखला दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि तीन टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-2027 चक्र की शुरुआत को होंगे। वेस्टइंडीज की टीम एक नई शुरुआत के संकेत दे रही है क्योंकि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ हुई श्रृंखला में खेलने वाली टीम में कई बदलाव किए गए हैं। जॉन कैंपबेल 2022 के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं, जिससे शीर्ष क्रम में विकल्प मजबूत हुए हैं। उन्होंने अपने शानदार घरेलू सत्र की बदौलत तीन साल बाद टीम में जगह बनाई। कैंपबेल के साथ, केसी कार्टी को पाकिस्तान में उनके कार्यकाल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। यह निर्णय सभी प्रारूपों में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया है। पिछले महीने 28 वर्षीय ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे में दो शतक लगाए और इंग्लैंड में तीन 50 ओवर के मुकाबलों में मैरून में पुरुषों के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वेस्टइंडीज के व्हाइट-बॉल कप्तान शाई होप 2021 के बाद पहली बार रेड-बॉल क्रिकेट में लौटे हैं। वनडे प्रारूप में उनके उप-कप्तान ब्रैंडन किंग ने केवलन एंडरसन के साथ पहली बार टेस्ट टीम में जगह बनाई। CWC के क्रिकेट निदेशक माइल्स बैसकॉम्ब ने कहा कि बैगी ग्रीन्स के खिलाफ चुनौती के लिए टेस्ट टीम का चयन टीम की प्रतिबद्धता के अनुरूप किया गया। उन्होंने पुष्टि की कि बल्लेबाजी आउटपुट में निरंतरता और एक गतिशील गेंदबाजी आक्रमण समग्र मूल्यांकन में महत्वपूर्ण थे। CWC द्वारा जारी एक बयान में बासकॉम्बे ने कहा, 'टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत से सकारात्मक गति बनाने के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम रैंकिंग में ऊपर जाने का प्रयास कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन के साथ शुरुआत करना वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने की हमारी कोशिश के लिए आदर्श होगा।' उन्होंने कहा, 'यह जरूरी था कि हम एक ऐसी टीम बनाएं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छी तरह से सुसज्जित हो, ताकि खेल के इस प्रारूप के उतार-चढ़ाव को संभाल सके और साथ ही अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण खेल के माध्यम से महत्वपूर्ण चरणों में दबाव बनाने की क्षमता भी हो।'

**टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम**

रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वारिकन (उप-कप्तान), केवलन एंडरसन, क्रैग ब्रैथवेट, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, जेडन सील्स।

### निकोलस पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी

# MI न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाज निकोलस पूरन पिछले 24 घंटों से चर्चा में बने हुए हैं। पूरन ने मंगलवार को महज़ 29 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेकर पूरी दुनिया को हैरानी में डाल दिया। अब संन्यास के 24 घंटे बाद उन्हें मेजर लीग क्रिकेट लीग में मुंबई इंडियंस की टीम MI न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन।' वहीं आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे।' निकोलस पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। इसका तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटन डिकॉक, कीरन पोलार्ड और राशिद खान जैसे स्टार क्रिकेटर भी हैं. पूरन से पहले इस टीम के कप्तान कीरन पोलार्ड थे। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी-20 मैच खेल चुके निकोलस पूरन ने 136.39 के स्ट्राइक रेट से 2,275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने टेस्ट क्रिकेट में बिना डेब्यू किए ही इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2025 का पूरा सीजन खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज को टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी. विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होंने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

## निकोलस पूरन के संन्यास पर भावुक हुए ऋषभ पंत



भारत के टेस्ट उप-कप्तान ऋषभ पंत ने अपने लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के साथी और दोस्त निकोलस पूरन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एक भावपूर्ण नोट लिखा। वेस्टइंडीज के पूर्व टी-20 कप्तान ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने फैसले को 'कठिन' बताया।पूरन आईपीएल में पंत के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम साझा करते हैं और मैदान के बाहर भी भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज के साथ उनका करीबी रिश्ता है। पंत ने पूरन की आगे की राह के लिए सफलता की कामना की और कैरेबियाई टीम के साथ उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया, उसके लिए उन्हें बधाई दी। पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आपने अपनी छाप छोड़ी है भाई - एक सच्चे साथी, दोस्त और एक बेहतरीन खिलाड़ी। आपके साथ मैदान साझा करने पर गर्व है, वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बधाई। आगे की राह के लिए आपको सफलता की शुभकामनाएं।

# पाकिस्तान के इन खिलाड़ियों ने दूसरे देश में खेलने के लिए भरा फॉर्म, लिस्ट में कप्तान भी शामिल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की फेमस बिग बैश लीग और विमेंस बिग बैश लीग के अगले सीजन के लिए पहली ड्राफ्ट लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं, भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी भी इसका हिस्सा हैं। बिग बैश लीग (बीबीएल) और विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी 2025-26 सीजन के लिए पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसमें इंटरनेशनल क्रिकेट के सितारों की भरमार देखने को मिल रही है। इस लिस्ट में चार पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम शामिल होना खास चर्चा का विषय बन गया है, जो इस टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। ड्राफ्ट की प्रक्रिया 19 जून 2025 को आयोजित की जाएगी, जिसमें ब्रिस्बेन हीट को पहला खिलाड़ी चुनेगी। बीबीएल के जनरल मैनेजर एलिस्टेयर डॉब्सन ने इस बात की पुष्टि की है कि इस साल के ड्राफ्ट के लिए कुल 600 से ज्यादा विदेशी खिलाड़ियों ने अपने नाम दिए थे। वहीं, पहली ड्राफ्ट लिस्ट में जिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम शामिल है, वो शाहीन शाह अफरीदी, शदाब खान, हारिस रऊफ और मोहम्मद रिजवान हैं। इन खिलाड़ियों ने बीबीएल 15 के लिए अपनी उपलब्धता दर्ज कराई है। माना जा रहा है कि इन खिलाड़ियों को नवंबर से फरवरी तक कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेलना है, ऐसे में वह पूरे सीजन में उपलब्ध रहेंगे। इनके अलावा इंग्लैंड के सैम करन और एलेक्स हेल्स, न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन और टिम साउथी, श्रीलंका के कुसल परेरा और वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ भी दस खिलाड़ियों की पहली ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल हैं। बता दें, ड्राफ्ट में चार राउंड होते हैं, जिसमें सभी टीमों को हर राउंड में एक पिक मिलती है. यानी वह हर बार किसी एक खिलाड़ी को चुन सकती हैं। विमेंस बिग बैश लीग ड्राफ्ट में भी दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में भारत की जेमिमाह रॉड्रिग्स और शिखा पांडे का नाम शामिल है, जो अपनी शानदार फॉर्म के चलते टीमों की नजर में हैं।

# प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल

### सत्र की पहली जीत दर्ज की, रामबाबू को कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

**टी-20I सीरीज में 3-0 से दी मात**




**साउथेम्प्टन।** बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की 46 गेंदों पर 84 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 37 रनों की जीत के साथ सीरीज में जीत दर्ज की। इस शानदार जीत के साथ ही इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ कर सीरीज 3-0 से अपने नाम की।

तीसरे टी-20 मैच में डकेट की अगुआई में इंग्लिश टीम ने घरेलू धरती पर संयुक्त रूप से सबसे बड़ा टी-20 स्कोर बनाया। इंग्लैंड के स्टार ओपनर जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने महज 8.5 ओवर में 120 रन बनाए. स्मिथ ने 26 गेंदों पर 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। जैकब बेथेल (16 गेंदों पर 36*) और कप्तान हैरी ब्रूक (35*) ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया और गुडाकेश मोटी के खिलाफ लगातार 3 छक्के जड़े। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से अकील होसेन, गुडाकेश मोटी और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 विकेट लिया।

इंग्लैंड द्वारा दिए गए 249 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज कभी भी जीत की दौड़ में नहीं दिखी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंदों पर नाबाद 79 रनों की शानदार पारी खेली. लेकिन, दूसरे छोर से समर्थन की कमी के कारण कैरेबियाई टीम लक्ष्य से चूक गई। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज ल्यूक वुड ने 3 विकेट लिए जबकि आदिल राशिद ने भी 2 विकेट झटके. ब्रायडन कार्स, लियाम डॉसन और जैकब बेथेल को भी 1-1 सफलता हाथ लगी। जोस बटलर 55 की औसत से 165 रन बनाकर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं, ल्यूक वुड और लियाम डॉसन ने 5-5 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लिए। वुड ने कुछ मुकाबलों में खेला, जबकि डॉसन सीरीज के तीनों मुकाबलों में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। गौरतलब है कि इन दोनों देशों के बीच खेले गए पिछले 10 टी20 मैचों में वेस्टइंडीज केवल 2 मैच ही जीत पाया है, जो कैरेबियाई टीम के खिलाफ इंग्लिश टीम के दबदबे को दर्शाता है।

# यू मुम्बा के साथ आया स्वदेश फाउंडेशन



**मुंबई।** स्वदेश फाउंडेशन ने यू मुम्बा के साथ साझेदारी करते हुए मैदान पर प्रदर्शन को एक सार्थक सामाजिक प्रभाव में बदला है-महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ, अक्षय ऊर्जा पहुंचाकर। प्रो कबड्डी लीग के सीज़न 11 के लिए आधिकारिक सामाजिक प्रभाव भागीदार के रूप में स्वदेश फाउंडेशन के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के तहत, यू मुम्बा ने ग्रामीण घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का संकल्प लिया। इस सीजन के दौरान हर सुपर टैकल के लिए 15 और हर सुपर रेड के लिए 10 ग्रामीण घरों में सोलर होम लाइटिंग किट्स लगाए गए। सीजन में कुल 8 सुपर टैकल और 4 सुपर रेड्स हुए, जिससे कुल 160 ग्रामीण घरों में स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा से रोशनी पहुंचाई गई। इस प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के एक विशेष इशारे के रूप में, यू मुम्बा के स्टार खिलाड़ी अजित चौहान ने नासिक जिले के पेठ तालुका के बडगी गांव में समुदाय का दौरा किया। वहां उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से सौर प्रकाश व्यवस्था का स्विच ऑन किया, जो ग्रामीण परिवर्तन के प्रति टीम की प्रतिबद्धता का प्रतीक था। इसके बाद अजित ने स्वदेश फाउंडेशन के "ड्रीम विलेज" गैधोंड का भी दौरा किया, जहां उन्हें युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय बच्चे खुशी से झूम उठे और तस्वीरें खिंचवाईं-सौर रोशनी और अपने कबड्डी हीरो दोनों के आगमन का जश्न मनाते हुए।

# रश्मिका ने 7 घंटे तक कूड़े के ढेर में की शूटिंग



साउथ के एक्टर धनुष और रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्म 'कुबेरा' अनाउंसमेंट के वक्त से ही सुर्खियों में बनी हुई है। शेखर कम्मुला के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में धनुष सुपरस्टार नागार्जुन के साथ नजर आएंगे। धनुष ने मीडिया के साथ बातचीत में बताया कि फिल्म का एक सीन शूट करने के लिए उन्हें और रश्मिका को डंपयार्ड (कूड़े के विशाल ढेर) में 6-7 घंटे तक शूटिंग करनी पड़ी थी। धनुष फिल्म के सॉन्ग 'पिपी पिपी डम डम' की रिलीज के लिए आयोजित एक इवेंट का हिस्सा बने थे, जब उनसे फिल्म की शूटिंग से जुड़े किसी यादगार किस्से के बारे में पूछा गया।

इस सवाल के जवाब में धनुष ने कहा, रश्मिका को और मुझे कूड़े के ढेर में 6-7 घंटे तक शूटिंग करनी पड़ी।' धनुष ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए बताया कि शूटिंग के दौरान रश्मिका बिलकुल ठीक थीं। एक्टर ने कहा, 'रश्मिका को कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने कहा मुझे कोई स्मेल नहीं आ रही है।' हंसी मजाक के बाद धनुष ने गंभीर लहजे में बताया कि मैं बहुत सी जगहों पर पढ़ता हूं कि लोग बताते हैं हमने मास्क पहनकर शूटिंग की थी, यह उतनी मुश्किल बात नहीं थी। इसमें खास दिक्कत नहीं आई।' धनुष ने कहा, 'लेकिन दुनिया का एक दूसरा हिस्सा देखना, जिससे आप कभी रूबरू नहीं हुए हैं... आप हमेशा ही अपने कम्फर्ट जोन में होते हैं। जहां आपको लगता है कि सब कुछ बहुत आरामदायक है। आप वो करते हैं जो आपके लिए सहज और सहूलियत भरा होता है। आप सुरक्षित होते हैं। कम से कम हम में से कुछ तो बहुत सुरक्षित हैं। मैं उन्हीं लोगों में से आता हूं। मुझे बहुत शालीन, सहज और जमीन से जुड़ी परवरिश मिली है। आज ऊपर वाले की कृपा से मैं यहां पर हूं।

# सलमान खान ने मेरी पूरी पर्सनैलिटी ही बदल दी

**एक्टर को लेकर बोलीं पलक तिवारी**



पलक तिवारी ने बतौर एक्ट्रेस अपने करियर की शुरुआत साल 2023 में फिल्म किसी का भाई किसी की जान से की थी। यह सलमान खान की फिल्म थी। वैसे बतौर एक्ट्रेस अपने करियर की शुरुआत करने से पहले पलक ने सलमान खान की ही फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अब पलक ने बताया कि अंतिम में काम करने के लिए उन्होंने कोई पैसे नहीं लिए थे। मैशेबल इंडिया से बात करते हुए पलक ने कहा, 'पैसा क्या होता है? मैं सलमान सर के प्रेजेंस में थी और आपको लगता है मैं पैसे मांगती? क्यों? मैं पैसे मांगती तो सलमान सर दे भी देते, लेकिन मैं क्या बच्ची, मैं क्या ही कंट्रीब्यूट करूंगी कि वह मुझे पैसे दें यार।' पलक ने कहा, 'मैंने उनके साथ पूरी फिल्म की।



मैं वैसे आम तौर पर स्टार स्ट्रक नहीं होती, आप मेरे सामने किसी को भी बिठा दो, लेकिन जब वह मेरे सामने होते, मैं बोलती ही नहीं और चुप हो जाती। उन्होंने मेरी पूरी पर्सनैलिटी ही बदल दी, फिर उन्होंने कहा आराम से बोलो।' पलक ने आगे यह भी कहा, 'मैं सलमान सर की क्लोज फैन रही हूं। मैं इसे सीक्रेट नहीं रखना चाहती हूं, लेकिन सब जानते हैं मैं उनकी सुपर फैन हूं।'किसी का भाई किसी की जान का ऑफर मिलने पर पलक ने कहा, 'मुझे सलमान सर के पास रहने के लिए( यानी उनके साथ काम) पैसे मिल रहे थे। उनके साथ काम करने का एक्सपीरियंस काफी जबरदस्त था। मेरा अच्छा इंट्रोडक्शन था इंडस्ट्री में।' पलक ने यह भी कहा कि सलमान उनके आइडल हैं। उन्होंने कहा, 'सलमान सर, सलमान सर हैं। अगर उन्हें कुछ कहना होगा तो वह आपके सामने आकर कहेंगे। वह सबका ध्यान रखते हैं। वह सबका ध्यान रखते हैं। उन्हें पता चल जाता है कि सामने वाला किस चीज से गुजर रहा है। जब वह यह पूछते हैं तो मतलब वह आपके लिए हमेशा हैं।'

# शिल्पा शेट्टी ने विदेशी लड़की पर निकाला गुस्सा?



शिल्पा शेट्टी और उनके परिवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि एक लड़की ने रेस्ट्रॉन्ट में उनसे धीरे बात करने को कहा तो वह झगड़ पड़ीं। अब शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने इस वायरल वीडियो पर अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि एक टेबल डबल बुक थी जिस पर विवाद था। राज ने बताया कि वह एक साल पहले ही टेबल बुक कर चुके थे और उनके साथ परिवार के 20 से ज्यादा लोग थे जिन्हें जाने के लिए कहा गया। 'जो वीडियो ऑनलाइन सर्कुलेट हो रहा है, मैं उस कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने उस रेस्ट्रॉन्ट में एक साल पहले अडवांस में अपनी पत्नी के जन्मदिन के लिए टेबल बुक की थी। दुर्भाग्य से वहां पहुंचने पर हमें कहा गया कि हमारी टेबल किसी और ग्रुप को दे गई है। उन्होंने इसे किसी एजेंट की तरफ से 'डबल बुकिंग एरर' बताया।' राज कुंद्रा ने कहा कि यह घटना काफी फ्रस्ट्रेट करने वाली थी। उन्होंने जब इस गलती पर नाराजगी जताई तो उन्हें परिवार के साथ वहां से जाने के लिए कह दिया गया। राज बोले, 'वह भी रेस्ट्रॉन्ट चलाते हैं, मुझे यह सिचुएशन बहुत फ्रस्ट्रेटिंग लगी खासकर जब मेरे बुजुर्ग मां-बाप, सास और 20 मेहमान इंतजार में खड़े थे। मैं शाम को स्पेशल बना रहा था जो कि तनाव में बदल गई, जब मैंने आवाज उठाई तो मसे चुप रहने को कहा गया।'

# मिथुन चक्रवर्ती ने बिग बी के लिए चीर दिया था अपना सीना



बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स हैं जिनके बीच सालों से दोस्ती चलती आ रही है और हमेशा हर सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ रहे हैं। अब आज हम आपको एक ऐसे एक्टर के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने अपने दोस्त और बॉलीवुड स्टार के लिए अपनी छाती तक चीर ली थी। यहां बात हो रही है मिथुन चक्रवर्ती की जो एक स्टार की काफी रिस्पेक्ट करते थे और उन्हें अपने बड़े भाई की तरह मानते थे। मिथुन जिन्हें अपना मेंटॉर मानते थे और जिनकी जान बचाने के लिए उन्होंने हद पार कर दी थी वह और कोई नहीं अमिताभ बच्चन हैं। अमिताभ बच्चन के कुली सेट पर हुए हादसे के बारे में तो सब जानते हैं कि कैसे शूट के दौरान बिग बी को लग गई थी और उनकी जान भी खतरें में थी। मिथुन ने बिग बी के जल्द ठीक होने के लिए दुआ मांगी और मां काली के मंदिर पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने अपना सीना तक चीर दिया था। बिग बी ने खुद भी इस बारे में बताया था। मिथुन की मन्नत रंग भी लाई थी और बिग बी फिर ठीक हो गए थे। अमिताभ ने कहा था कि मैं कैसे इस बात को कभी नहीं भूल सकता हूं।

# देवोलीना भट्टाचार्जी ने दिखाया बेटे जॉय का चेहरा

देवोलीना भट्टाचार्जी ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के अन्नप्राशन संस्कार की तस्वीरें डाली हैं। इनमें पहली बार जॉय का चेहरा दिख रहा है। देवो के साथ उनके पति शहनवाज भी हैं। उन्होंने पूरे विधि-विधान से रस्म की है। देवोलीना के करीबी इस रस्म में शामिल हुए थे। इंस्टाग्राम पर लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। देवोलीना ने अन्नप्राशन के साथ बच्चे का फेस भी रिवील किया।

मंगलवार का दिन देवोलीना भट्टाचार्जी के लिए खास था। उन्होंने अपने बेटे जॉय का अन्नप्राशन संस्कार किया। इस रस्म में बच्चे को पहली बार अन्न खिलाया जाता है। इसके बाद बच्चा थोड़ा-थोड़ा सॉलिड फूड खा सकता है। देवोलीना ने लिखा है, 'हाथ जोड़कर और दिलों में आभार के साथ हमने अपने प्यारे बेटे जॉय का अन्नप्राशन किया,जॉय को पहली बार अन्न( चावल) खिलाया। मां अन्नपूर्णा उसे स्वास्थ्य, ज्ञान और भरी-पूरी जिंदगी दें। खूबसूरत माइलस्टोन और जिंदगीभर के लिए यादगाकर।' बता दें कि देवो ने अन्नप्राशन के साथ पहली बार बच्चे का चेहरा दिखाया है। इससे पहले वह इमोजी से उसका चेहरा छिपाती रहती थीं। देवोलीना ने बेटे को ट्रडिशनल बंगाली कपड़े पहनाए थे। सेरिमनी में देवोलीना के भाई और करीबी लोग शामिल हुए थे। देवोलीना के बेटे का जन्म 18 दिसंबर 2024 में हुआ था। उनका बेटा छह महीने का हो चुका है। देवोलीना ने अपने जिम ट्रेनर शहनवाज से शादी की है। इंटररिलीजन शादी होने के बाद भी दोनों एक-दूसरे के आस्था का सम्मान करते हैं। देवो के फॉलोअर्स इस बात पर उनकी तारीफ करते हैं।



# पंचायत 4 की रिलीज से जुड़ा सस्पेंस खत्म

**पंचायत 4 के ऑफिशियल ट्रेलर के साथ मेकर्स ने फाइनली बताई जून की रिलीज डेट, खुश हुए फैन्स**

पंचायत सीजन 4 के ऑफिशियल ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज से जुड़ा सस्पेंस खत्म हो चुका है। मेकर्स काफी दिनों से हिंट दे रहे थे कि सीरीज कि स्ट्रीमिंग पहले हो सकती है। पहले सीरीज 2 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक नया सीजन 24 जून 2025 को आ रहा है। टीजर में इलेक्शन की हिंट मिली थी। अब ऑफिशियल ट्रेलर में दिख रहा है कि मंजू देवी और क्रांति देवी के बीच चुनाव जीतने के दांव-पेच दिखाई देंगे। पंचायत में इस बार मंजू देवी और क्रांति देवी के बीच पॉलिटिक्स का तगड़ा खेल दिखेगा। दोनों पंचायत चुनाव में एक-दूसरे को हराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाएंगी। इस बीच सचिवजी और रिंकी के बीच भी प्यारभरी नोकझोक दिखेगी। रिंकी अपनी मां का सोशल मीडिया हैंडल करेगी। मंजू देवी के सपोर्टर्स गांववालों को रिझाने की पूरी कोशिश करेंगे ताकि चुनाव जीता जा सके। शो में ह्यूमर और कॉमेडी के साथ पॉलिटिक्स के मजेदार दांव-पेंज दिखाई देंगे। पंचायत 4 की रिलीज डेट पहले 2 जुलाई तय की गई थी। मेकर्स हिंट दे चुके थे कि यह प्रीपोन हो सकती है। ट्रेलर देखकर दर्शक काफी खुश हैं। एक ने लिखा है कि 24 जून को नैशनल हॉलीडे होना चाहिए।



# सिद्धू मूसेवाला की हत्या पर बनी डॉक्यूमेंट्री यूट्यूब पर रिलीज

दिवंगत पंजबी सिंगर शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या पर बनी डॉक्यूमेंट्री रिलीज हो चुकी है। बुधवार, 11 जून को सिद्धू मूसेवाला की बर्थ एनिवर्सरी भी है। यूट्यूब पर बीबीसी वर्ल्ड सर्विस ने इस खास मौके पर डॉक्यूमेंट्री को दो भाग में जारी किया है। दिलचस्प है कि इस डॉक्यूमेंट्री पर तब विवाद गहरा गया था, जब सिंगर के पिता बलकौर सिंह ने इसके प्रीमियर पर रोक लगाने की मांग की थी। उन्होंने मनसा कोर्ट में याचिका भी दाखलि की थी। लेकिन अदालत ने डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बहरहाल, कोर्ट में याचिका खारिज होने से जहां, बलकौर सिंह नाराज और निराश हैं, वहीं बुधवार सुबह 5 बजे सिद्धू मूसेवाला की हत्या पर बनी डॉक्यूमेंट्री रिलीज हो चुकी है। मनसा अदालत ने हालांकि, बलकौर सिंह की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की तारीख तय की है। बीबीसी को बुधवार शाम को मुंबई के एक सिनेमा हॉल में यह डॉक्यूमेंट्री दिखाना है, लेकिन विवाद के बाद प्रोडक्शन हाउस ने इसे यूट्यूब पर रिलीजकर दिया। इस बीच, बुधवार को सिद्धू मूसेवाला के जन्मदिन पर उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर सिंगर के तीन नए गाने भी रलिज किए गए हैं। सिद्धू के पिता बलकौर सिंह ने मुंबई में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग रोकने के लिए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को एक पत्र भी लिखा था। महाराष्ट्र के डीजीपी और मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में बलकौर सिंह सिद्धू ने कहा कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस 11 जून को दोपहर 3 बजे जुहू में डॉक्यूमेंट्री दिखाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित कर रही है।



# कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं।

कैटरीना ने इस मौके पर कहा, मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं।

# अरबाज खान बोले दोबारा प्यार करना गलत नहीं



बॉलीवुड एक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी अपकमिंग फिल्म मैंने प्यार किया फिर से के बारे में बात की। साथ ही, उन्होंने अपने निजी जीवन और पत्नी शूरा के बारे में भी बात की। अरबाज खान ने इस इंटरव्यू के दौरान ये भी कंफर्म किया कि वो दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी शूरा प्रेग्नेंट हैं। अरबाज खान ने ये भी बताया कि क्यों अपनी लाइफ को प्राइवेट रखते हैं।खास बातचीत में अरबाज खान ने कहा कि उन्हें फिल्म मैंने प्यार किया फिर से की स्क्रिप्ट दिलचस्प लगी। उन्होंने कहा, यह थोड़ा नया और ताजा लगा। मैं हमेशा कुछ ऐसा ढूंढता हूं जिसमें कुछ चैलेंज हो, जो मैंने जो पास्ट में किया हो उससे अलग हो।₹ अरबाज खान की फिल्म की थीम दोबारा प्यार होने पर आधारित है। इंटरव्यू में अरबाज खान ने दोबारा प्यार होने को लेकर बात की। अरबाज खान ने कहा, ₹अगर आप एक बार प्यार में पड़ते हैं, आप दोबारा प्यार कर सकते हैं, क्योंकि आपके अंदर प्यार है, तो आप प्यार देते रह सकते हैं। मैं उस सिद्धांत में नहीं मानता कि अगर आपको एक बार प्यार हो गया है तो आप दोबारा कभी प्यार नहीं हो सकता। ऐसा क्यों होना चाहिए? आपके आगे पूरी लाइफ है। क्या आप सचमुच इस बात को लेकर चिंतित रहेंगे कि आपने अपने शुरुआती सालों में किसी से प्यार किया था और फिर बाकी जीवन आप किसी न किसी प्रकार की प्रत्याशा में बैठे रहेंगे। अरबाज खान ने आगे कहा कि आपको आशा रखनी चाहिए, और लाइफ की किसी भी स्टेज पर आपके जीवन में प्यार आने पर खुश होना चाहिए। अगर वो प्यार किसी एक इंसान के साथ चलता रहता है तो अच्छी बात है, लेकिन, अगर ऐसा नहीं होता है, और आपको कहीं और से प्यार मिलता है, किसी और वक्त प्यार मिलता है, तो उसका स्वागत करें। किसी चीज या किसी व्यक्ति से प्यार करना कभी भी समस्या नहीं होती। किसी से नफरत करना और गलत काम करना एक समस्या है। किसी से प्यार करना एक समस्या क्यों होनी चाहिए?



# यूट्यूबर निश्चय मल्हान ने की रुचिका राठौर संग शादी

पॉपुलर यूट्यूबर निश्चय मल्हान ने शादी कर ली है। ट्रिगर्ड इंसान से पॉपुलर निश्चय की शादी की तस्वीरों का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और अब उन्होंने फाइनली फोटोज शेयर कर दी हैं।

निश्चय काफी समय से कंटेंट क्रिएटर रुचिका राठौर को डेट कर रहे थे और अपने लास्ट वीडियो में निश्चय ने सबको शादी की डेट बताई थी कि वह और रुचिका 9 जून को शादी कर रहे हैं। शादी दोनों ने हिमाचल प्रदेश के आईटीवी होटल में की जो चैल में है। शादी में सिर्फ परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल थे। फोटोज में आप देखेंगे कि निश्चय और रुचिका के चेहरे पर शादी की खुशी साफ नजर आ रही है। रुचिका ने रेड कलर का लहंगा पहना है तो वहीं निश्चय ने ऑफव्हाइट कलर की शेरवानी पहनी है। फोटोज शेयर कर निश्चय ने लिखा फॉरेवर। फैंस और कई यूट्यूबर्स निश्चय को बधाई दे रहे हैं। दोनों की लव स्टोरी की बात करें तो इसकी शुरुआत साल 2018 में हुई थी जब दोनों कॉलेज में थे। लंबी डेटिंग के बाद साल 2024 दिसंबर में दोनों की सगाई हुई। इसकी फोटोज बाद में शेयर की थीं।